हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, गुरुवार, 13 फरवरी 2025 अंक 122/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-





शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप स्वास्थ्य से परेशान हो ?

सर्दी खासी सिनेमाईटिस • अॅलर्जिक राईनिटिस • क्रॉनिक ब्रॉन्काईटिस • इसिनोफिलीया • ब्रॉनकियल ब्रॉनकाईटस • कॉरपुलमानेल (कार्डियल) पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअस्नेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार


## नहीं रहे राम मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास



**अयोध्या.** श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास का बुधवार को निधन हो गया है। 87 वर्षीय सत्येंद्र दास की 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण तबीयत बिगड़ जाने के बाद उन्हें लखनऊ में रविवार को भर्ती कराया गया था। उन्हें मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर भी था। अस्पताल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी श्री सत्येंद्र दास जी ने आज अंतिम सांस ली। उन्हें 3 फरवरी को स्ट्रोक के कारण गंभीर हालत में न्यूरोलॉजी वार्ड के एचडीयू में भर्ती कराया गया था। महंत सत्येंद्र दास को कल दोपहर 12:00 बजे जल समाधि दी जाएगी। दास का पार्थिव शरीर उनके आवास पर पहुंचा है। लोग दर्शन कर रहे हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेन्द्र दास ने भी उनके अंतिम दर्शन किए। सत्येंद्र दास के शिष्यों में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दास के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल X पर पोस्ट कर लिखा है, ''परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद एवं आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। विनम्र श्रद्धांजलि!''.....

### अयोध्या के सबसे सुलभ संत थे सत्येंद्र दास

निर्वाणी अखाड़े से संबंध रखने वाले दास अयोध्या के सबसे सुलभ संतों में से थे और अयोध्या तथा राम मंदिर के घटनाक्रमों के बारे में जानकारी चाहने वाले देश भर के कई मीडियाकर्मियों के लिए सुलभ रहने वाले व्यक्ति थे। छह दिसंबर, 1992 को जब बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किया गया था, तब उन्हें मुख्य पुजारी के रूप में सेवा करते हुए मुश्किल से नौ महीने हुए थे। इस विध्वंस ने बड़े पैमाने पर राजनीतिक उथल-पुथल मचाई, जिसने भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी और दास हमेशा राम मंदिर आंदोलन और आगे के रास्ते पर मीडिया के सभी सवालों का धैर्यपूर्वक जवाब दिया करते। विध्वंस के बाद भी दास मुख्य पुजारी के रूप में बने रहे और जब रामलला की मूर्ति एक अस्थायी तम्बू के नीचे स्थापित की गई, तब उन्होंने पूजा भी की।

## मुफ्त स्कीम पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली.**



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों की ओर मुफ्त सुविधाओं की घोषणा पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा कि लोग इनके चलते काम नहीं करना चाहते क्योंकि उन्हें मुफ्त में राशन और पैसा मिल रहा है। जस्टिस गवई ने कहा कि कि मुफ्त राशन और पैसा देने के बजाए बेहतर होगा कि ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए ताकि वो देश के विकास के लिए योगदान दे सके। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज की बेंच ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगो के शेल्टर से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान की। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने बताया कि सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम को फाइनल करने में लगी है जो गरीब शहरी बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराने से लेकर दूसरे जरूरी मसलों में मददगार होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि वो सरकार से निर्देश लेकर बताए कि ये कार्यक्रम कब से लागू होगा। 6 हफ्ते बाद कोर्ट आगे सुनवाई करेगा। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब मुफ्त की योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को घेरा है। बीते साल कोर्ट ने केंद्र और इलेक्शन कमीशन से पूछा था कि राजनीतिक पार्टियां हमेशा ही चुनावों से पहले मुफ्त स्कीमों की घोषणाएं करती हैं। अधिक वोट्स पाने के लिए राजनीतिक पार्टियां मुफ्त की योजनाओं पर निर्भर रहती हैं और इसका एक उदाहरण हाल ही में हुए दिल्ली चुनावों में भी देखा गया है।

## मार्से में खुला भारत का नया वाणिज्य दूतावास

### > पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने किया उद्घाटन

**पेरिस.**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को संयुक्त रूप से मार्से शहर में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इससे भारतीयों की सहूलियतें बढ़ेंगी और उनकी मुश्किलें आसान होंगी। बता दें कि गत 10 फरवी प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर फिलहाल फ्रांस के दौरे पर हैं। दोनों नेताओं ने बटन दबाकर संयुक्त रूप से मारसेई शहर में नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस मौके पर मौजूद भीड़ ने पूरे उत्साह के साथ खुशी जताई। इनमें से कई लोग भारत और फ्रांस दोनों के राष्ट्रीय ध्वज लेकर आए थे। वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन से पहले, मोदी और मैक्रों ने ऐतिहासिक माजारग्वेज कब्रिस्तान का दौरा किया और पहले विश्व युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। बाद में, दोनों नेताओं ने भीड़ में मौजूद कुछ लोगों से बातचीत भी की।

### मार्से तक पीएम मोदी और मैक्रों ने एक ही विमान में की यात्रा

मार्से तक आने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने एक ही विमान से पेरिस से मार्से तक की यात्रा की। इस तरह उन्होंने अपनी मजबूत दोस्ती का प्रमाण दिया। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम और प्रमुख वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मार्से पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो पिछले 25 वर्षों में लगातार एक बहुआयामी रिश्ते में विकसित हुई है.

## कांग्रेस नेता सज्जन कुमार 1984 सिख दंगों में दोषी करार

### राउज एवेन्यू कोर्ट में 18 फरवरी को सजा पर होगी बहस

**नई दिल्ली.**

कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को 1984 सिख दंगों के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अब 18 फरवरी को सजा पर बहस होगी। 1984 में सिख विरोधी दंगों को दौरान सरस्वती विहार में दो सिखों की हत्या के मामले में सज्जन कुमार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दोषी करार दिया। 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या हुई थी।

सज्जन कुमार पर भीड़ को उकसाने का आरोप, 1 नवंबर 1984 को शाम के करीब चार से साढ़े चार बजे के बीच, दंगाइयों की एक भीड़ ने लोहे की सरियों और लाठियों से पीड़ितों के घर पर हमला किया। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, इस भीड़ का नेतृत्व कांग्रेस के तत्कालीन सांसद सज्जन कुमार ने किया था, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।




आरोप था कि सज्जन कुमार ने भीड़ को हमले के लिए उकसाया, जिसके बाद दोनों सिखों को उनके घर में जिंदा जला दिया गया। भीड़ ने घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी भी की थी।

18 फरवरी को होगी सजा पर बहस, स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सज्जन कुमार को दोषी करार दिया साथ ही सजा पर बहस की तारीख 18 फरवरी तय की। सजा सुनाए जाने के लिए सज्जन कुमार को तिहाड़ जेल से अदालत में पेश किया गया। हत्या के इस मामले में पंजाबी बाग थाने ने शुरू में मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच का जिम्मा संभाला था। इस मामले में 16 दिसंबर, 2021 को अदालत ने कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे और उनके खिलाफ "प्रथम दृष्टया" मामला सही पाया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घातक हथियारों से लैस एक बड़ी भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी की थी और सिखों की संपत्तियों को नष्ट किया था। इस मामले में जसवंत सिंह की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### दिल्ली कैंट हिंसा मामले में हुई थी उम्रकैद की सजा

इस घटना से संबंधित एफआईआर उत्तरी दिल्ली के सरस्वती विहार थाने में दर्ज की गई, जो शिकायतकर्ताओं द्वारा रंगनाथ मिश्रा आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर दर्ज की गई थी। दिल्ली कैंट हिंसा मामले में सज्जन कुमार उम्रकैद की सजा काट रहा है। दिल्ली कैंट मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## महाकुंभ में 50 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



### माघी पूर्णिमा में भी उमड़ी लोगों की भीड़

**प्रयागराज.** तीर्थराज प्रयाग में शुरू महाकुंभ में करोड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे और त्रिवेणी में श्रद्धा की डुबकी लगा रहे हैं। बुधवार माघी पूर्णिमा के अवसर पर भी महाकुंभ क्षेत्र में करोड़ो की संख्या में लोग देश के कोने-कोने से प्रयागराज पहुंचे हैं। दोपहर तीन बजे तक दो करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान किया है। इसी के साथ अब तक 50 करोड़ लोगों ने महाकुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। सरकार ने पुरे महाकुंभ में 45 करोड़ लोगों के शामिल होने का अनुमान जताया, लेकिन एक महीने में ही अनुमान से ज्यादा लोग कुंभ में शामिल हो चुके हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ महाकुंभ को लेकर बड़ी बात कही। बागपत में आयोजित एक सभा में बोलते हुए सीएम ने कहा, ''आज माघी पूर्णिमा के अवसर पर करोड़ों लोग प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगा रहे हैं। यह नया उत्तर प्रदेश है, 25 करोड़ की आबादी है और कल तक 50 करोड़ लोग प्रयागराज में डुबकी लगा चुके हैं।" अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जोरदार हमला और तंज भी कसा। सीएन ने कहा, "कुछ लोगों की आदत है कि वे चोरी-छिपे ऐसा करते हैं, उन्होंने कोरोना वायरस की वैक्सीन तो लगवा ली, लेकिन दुनिया से कहते रहे कि वैक्सीन न लगवाएं। उन्होंने चोरी-छिपे संगम में डुबकी लगाई और वापस आ गए लेकिन जनता से कह रहे हैं कि डुबकी न लगाएं।

## महाराष्ट्र में लाड़ली बहनों के खंगाले जा रहे आधार और पैन कार्ड



**नागपुर.** पूरे महाराष्ट्र में लाड़ली बहनों के आधार कार्ड और पैन कार्ड खंगाले जा रहे हैं। नागपुर में लाड़ली बहनों की संख्या 15 लाख से ज्यादा है। तमाम शर्तों और मानकों के बावजूद अमीर महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही हैं। कई धनी लाडली बहनों ने भी योजना का लाभ उठाया है। जिम के फॉर्म और रिजेक्ट किया जा रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने इस योजना को लागू करते समय स्पष्ट किया था कि सरकार की किसी भी योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिलेगा।

नौकरीपेसा और पेंशन भोगी महिलाओं को भी इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इनकम टैक्स भरने वाली और चार पहिया वाहन रखने वाली महिलाओं को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा। लाडली बहनों के बंपर आंकड़े से प्रशासन चौक गया था। अब इस योजना की समीक्षा की जा रही है। महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा किए गए सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें कुछ आंकड़े चौंकाने वाले आ रहे हैं। नागपुर में 1228 बहनों के पास चार पहिया वाहन है। आरटीऔ ने इन महिलाओं का रिजेक्शन महिला बाल कल्याण विभाग को दिया है, जिसमें कहा गया है कि महिलाओं के पास चार पहिया वाहन है, जो योजना का लाभ ले रही है। कुछ उन महिलाओं के भी नाम सामने आए जो किसान योजना का लाभ ले रही है। कुछ संजय गांधी निराधार योजना का भी लाभ ले रही हैं। इन सभी महिलाओं को मिलने वाला लाभ अब बंद कर दिया जाएगा।

महिला बाल कल्याण विभाग के अधिकारी नंदकिशोर पटिए ने बताया कि बहुत सी ऐसी महिलाएं हैं जिनके पति सरकारी कर्मचारी हैं व्र महिलाएं अब कार्यालय में आकर गुहार लगा रही हैं कि वह पैसे वापस लौट के लिए तैयार है। कुछ ऐसी भी महिलाएं आ रही है जो कह रही हैं कि उन्हें जो पैसे मिले थे उन्होंने खर्च कर दिया है। आगे से उन्हें इस योजना का लाभ न दिया जाए। वो पैसा वापस करना चाहती हैं लेकिन उनके पास पैसे नहीं है। जुलाई 2024 में योजना शुरू की गई थी, अब तक इस योजना के तहत 7 किस्त वितरित की जा चुकी है।

## युसीसी लागू करने के फैसले का जमीयत उलमा-ए-हिंद ने किया विरोध



**नई दिल्ली.** उत्तराखंड में जनवरी में समान नागरिक संहिता को लागू कर दिया गया है। इस कानून के खिलाफ जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के निर्देश पर जमीयत उलमा-ए-हिंद ने आज नैनीताल हाईकोर्ट में याचिका दायर की और उत्तराखंड के मुख्य न्यायाधीश के सामने इसका उल्लेख किया। कोर्ट इस मामले पर इसी सप्ताह सुनवाई कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से इस महत्वपूर्ण मामले की पैरवी कोर्ट में करेंगे। मौलाना मदनी ने इस याचिका पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश के संविधान, लोकतंत्र और कानून के राज को बनाए रखने के लिए जमीयत उलमा-ए-हिंद ने इस उम्मीद के साथ अदालत का दरवाजा खटखटाया है कि हमें न्याय मिलेगा। क्योंकि अदालत ही हमारे लिए अंतिम सहारा है। उन्होंने कहा कि हम शरीयत के खिलाफ किसी भी कानून को स्वीकार नहीं करते हैं, मुसलमान हर चीज से समझौता कर सकता है लेकिन अपनी शरीयत और धर्म से कोई समझौता नहीं कर सकता। यह मुसलमानों के अस्तित्व का सवाल नहीं बल्कि उनके अधिकारों का सवाल है। मौलाना मदनी ने कहा कि समान नागरिक संहिता कानून लाकर मौजूदा सरकार मुसलमानों को देश के संविधान द्वारा दिए गए.

## पीएम मोदी ट्रंप से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय अमेरिका की यात्रा पर हैं. यहां उनकी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात होना तय है. ऐसे में सभी की निगाहें एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के इंडिया आने के फैसले पर टिकी हुई हैं. इसकी वजह ये भी है कि डोनाल्ड ट्रंप की नई सरकार में एलन मस्क को भी एक अहम जिम्मेदारी दी गई है. डोनाल्ड ट्रंप हमेशा से भारत के इंपोर्ट पर हाई टैक्स लगाने को लेकर मुखर रहे हैं. वहीं एलन मस्क ने भी भारत आने की इच्छा जताई है, लेकिन उन्होंने भी आयात कर को ही एक बड़ी बाधा बताया है. ऐसे में पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच इस मुद्दे पर बड़ी चर्चा हो सकती है.

## चोरी छिपे संगम में डुबकी लगाकर आ गए विपक्ष



**बागपत.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बागपत में सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेताओं पर जमकर हमला होला. सीएम योगी ने बागपत पहुंचकर स्व चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया. इस दौरान मंच से विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वे चोरी छिपे संगम में डुबकियां लगा कर आ गए. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने 351 करोड़ की 281 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया. इस दौरान उन्होंने चौधरी अजीत सिंह की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया और उन्होंने गन्ना किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि जितना विपक्ष ने 1995 से 2017 तक भुगतान किया, उससे ज्यादा बीजेपी सरकार ने केवल 8 वर्षों में किया है. गन्ना किसानों को लेकर योगी ने कही ये बात योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से बागपत के विकास के लिए लगातार काम किए गए हैं. कभी भी पैसे की कोई कमी नहीं हुई है. पश्चिमी यूपी के किसानों के बार में सीएम योगी ने कहा कि इन किसानों ने सदा ही आधुनिकीकरण अपनाया है और नई बुलंदी हासिल की है. चौधरी चरण सिंह की बातों को ध्यान में रखकर हम लोगों ने यहां पर कार्य प्रारंभ किए हैं. उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में, 2017 से अब तक दो लाख 72 हजार 600 करोड़ रुपये अन्नदाता के खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं. विपक्ष ने 1995 से लेकर 2017 तक जितना गन्ना मूल्य का भुगतान किया है, उससे ज्यादा बीजेपी ने मात्र 8 वर्षों में भुगतान किया.

## पश्चिम बंगाल: 3.89 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

### बुनियादी ढांचे के विकास पर खास ध्यान

**कोलकाता.**

पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बुधवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3.89 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में राज्य सरकार ने सामाजिक कल्याण योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास पर खास ध्यान दिया है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ममता बनर्जी सरकार का यह आखिरी पूर्ण बजट है।

**महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी:** बजट में सबसे महत्वपूर्ण घोषणा राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में 4% की बढ़ोतरी की गई है। इससे राज्य सरकार के 10 लाख से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का कुल महंगाई भत्ता बढ़कर 18 प्रतिशत हो जाएगा। यह बढ़ोतरी एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी।



**ग्रामीण विकास:** चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बजट भाषण में ग्रामीण विकास और पंचायतों के लिए 44,000 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की। इसके अलावा, राज्य सरकार ने ग्रामीण सड़कों के सुधार के लिए 1,500 करोड़ रुपये का बजट रखा है।

**बुनियादी ढांचे का विकास:** नियादी ढांचे के विकास के लिए गंगासागर में गंगा नदी पर 4.75 किलोमीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिससे तीर्थयात्रियों को गंगा सागर तक पहुंचने में सहूलियत होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

**आवास परियोजना:** 'बांग्लार बारी' आवास परियोजना के तहत अगले वित्त वर्ष में 16 लाख नए घर बनाने की योजना है। इस परियोजना के लिए 9,600 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

**नदी कटाव पर नियंत्रण:** इसके अलावा, राज्य सरकार ने नदी तटबंधों को मजबूत करने और नदी तल की सफाई के लिए 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इस परियोजना को 'घाटल मास्टर प्लान' के तहत लागू किया जाएगा, जिसका कुल बजट 1,500 करोड़ रुपये है। नदी तटों पर कटाव को रोकने के लिए 'नदी बंधन' नामक एक नई परियोजना की शुरुआत की जाएगी, जिसके लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**स्मार्टफोन वितरण और अन्य घोषणाएं:** सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत राज्य सरकार ने 70,000 आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन प्रदान करने की भी घोषणा की। हालांकि, इस बजट में 'लक्ष्मी भंडार योजना' को लेकर कोई नई घोषणा नहीं की गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, "लक्ष्मी भंडार एक बेहद लोकप्रिय योजना है, जिससे 2.21 करोड़ महिलाओं को लाभ मिल रहा है। अन्य राज्य, खासतौर पर बीजेपी शासित राज्य इस योजना की नकल कर रहे हैं।"

## किस दुनिया में रहती हैं... वित्त मंत्री ?



**नई दिल्ली.** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्हें शायद महंगाई और बेरोजगारी की स्थिति का सही एहसास नहीं है। प्रियंका ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब सीतारमण ने लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की गिरावट के पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान मुद्रास्फीति दहाई के अंक में थी, जो 10 प्रतिशत से भी अधिक पहुंच गई थी, जबकि वर्तमान में ऐसी कोई स्थिति नहीं है।

# देश में पाम ऑयल का आयात 13 वर्षों के निचले स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली.**

देश में पाम ऑयल का आयात सालाना आधार पर 65 फीसदी घटकर जनवरी 2025 में 2,75,241 टन पर पहुंच गया। आयात का यह आंकड़े पिछले 13 वर्षों में सबसे कम है। तेल कारोबारियों के संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन के अनुसार पॉम ऑयल के आयात में कमी का सबसे प्रमुख कारण खरीदारों की ओर से सोयाबीन के तेल को प्राथमिकता देना है। एसईए ने तेल के आयात से जुड़े आंकड़े बुधवार को जारी किए। एसईए के अनुसार खाद्य तेलों का आयात जनवरी में 13 प्रतिशत घटकर 10.49 लाख टन हो गया। पिछले साल 12 लाख टन खाद्य तेलों का आयात किया गया था।



> सालाना आधार पर 65 फीसदी की आई कमी

एसईए ने अपने एक बयान में कहा, " भारत में पाम ऑयल धीरे-धीरे बाजार में अपनी पकड़ खो रहा है। उसकी जगह सोयाबीन का तेल ले रहा है।" मलेशिया से आने वाले पाम ऑयल की सप्लाई में कमी आने से ग्राहकों ने खरीदारी में दक्षिण अमेरिका से आने वाले सोयाबीन ऑयल की खरीदारी में रुचि दिखाई है।

### भारत दुनिया में खाद्य तेलों का सबसे बड़ा आयातक देश

भारत दुनिया में खाद्य तेलों का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता और आयातक देश है। 1 फरवरी 2025 तक देश में खाद्य तेलों का करीब 21.76 लाख टन का स्टॉक मौजूद था। इंडोनेशिया और मलेशिया भारत को पाम ऑयल सप्लाई करने वाले दो प्रमुख देश है। इसके अलावा, भारत अर्जेंटीना, ब्राजील और रूस से सोयाबीन ऑयल का आयात करता है। वहीं, भारत रूस और यूक्रेन से सूरजमुखी के तेल का भी आयात करता है।

# 'विश्व दाता दिवस' के अवसर पर डॉक्टर के विचार

**नई दिल्ली.**

"अंगदान करणा का सबसे बड़ा कार्य है जो अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे रोगियों के लिए आशा लेकर आता है। आपका दान किसी के जीवन को पुनः खुशहाल और स्वस्थ बना सकता है। यकृत स्वास्थ्य में, यकृत दान का अर्थ है किसी को जीवन का दूसरा मौका देना। इस दान का प्रभाव सिर्फ एक व्यक्ति तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे पूरे परिवार और समाज को राहत मिलती है। अगर हम एकजुट हो जाएं तो हम लीवर की बीमारियों को हरा सकते हैं। इस जीवनरक्षक कार्य में भाग लें - अपने अंग दान करने पर विचार करें। आइए, उदारता के इस कार्य के माध्यम से जीवन को समृद्ध बनाएं। हर अंग महत्वपूर्ण है - आइए अंग दान करें। " - डॉ. पीयूष मारूडवार (सलाहकार - गैस्ट्रोएंटरोलॉजी)



"किडनी दान करणा का एक बहुत ही महान कार्य है जो प्राप्तकर्ता के जीवन में नई आशा और चैतन्य लाता है। दाता बनने का आपका निर्णय जीवन-परिवर्तनकारी उपचारों का एक नया दौर निर्माण कर सकता है। यह सिर्फ अंगदान नहीं है, बल्कि एक जीवन रेखा है जो प्राप्तकर्ता का लिए सपनों को साकार करने का अवसर देती है। अपने भीतर की इस असाधारण शक्ति को पहचानें और अंगदान के इस पवित्र कार्य में भाग लें। एक निर्णय से आप किसी के जीवन में आशा की किरण जगा सकते हैं। - डॉ. सूर्यश्री पांडे (सलाहकार – नेफ्रोलॉजिस्ट) प्रत्येक दान आशा की एक कहानी बयान करता है जो कैंसर से जूझ रहे रोगियों के जीवन को बदल सकता है। अंगदान करने का आपका निर्णय अनगिनत रोगियों के लिए इलाज का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। आपके रक्त की एक बूंद में अनेक जीवनरक्षक घटक होते हैं जिनमें जीवन बचाने और उसे पूर्ववत करने की शक्ति होती है। हम सब मिलकर केवल एक स्टेम सेल के दान से रक्त संबंधी कर्करोग पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। आपके एक दान का प्रभाव इतना बड़ा हो सकता है कि यह न केवल जीवन बचा सकता है, बल्कि कई लोगों को उज्ज्वल भविष्य का अवसर भी दे सकता है।

# गडकरी ने किया ''एडवांटेज विदर्भ'' में "महिंद्रा इलेक्ट्रिक एसयूवी" का अनावरण

**नागपुर.**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हाथों हाल ही में संपन्न ''एडवांटेज विदर्भ'' कार्यक्रम में ''महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी'' का अनावरण किया गया। यह कार्यक्रम अमरावती रोड स्थित राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर प्रोविंशियल ऑटोमोबाइल के प्रबंध निदेशक आशीष काले और महिंद्रा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के क्षेत्रीय व्यापार प्रबंधक प्रवीन तुरकर सहित दोनों डीलरशिप टीमों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महिंद्रा की इस नई इलेक्ट्रिक एसयूवी में अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म का उपयोग किया गया है, जिसमें इंटेलिजेंट सेमी-एक्टिव डैम्पर्स, 5-लिंक इंडिपेंडेंट सस्पेंशन, एडवांस बैटरी और तकनीक से लैस उच्च प्रदर्शन वाली स्टीयरिंग दी गई है। यह एसयूवी 79 और 59 की दो अलग-अलग बैटरी क्षमताओं में उपलब्ध होगी। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ



इंडिया और एमआईडीसी प्रमाणित रेंज 79 बैटरी के लिए 656 किमी और 59 बैटरी के लिए 542 किमी है। वहीं, मेट्रो सिटी ड्राइविंग के दौरान एयर कंडीशनिंग चालू रखते हुए 79 बैटरी 500 किमी तक की रेंज प्रदान करती है। इस एसयूवी में 210 पावर और 380 एनएम टॉर्क क्षमता वाली मोटर दी गई है, जो 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार महज 6.8 सेकंड में पकड़ सकती है। ब्रेकिंग क्षमता की बात करें तो 100-0 किमी/घंटा की गति से चलते हुए यह एसयूवी ब्रेक दबाने पर मात्र 40 मीटर के भीतर पूरी तरह रुक सकती है।

इस एसयूवी के इंटीरियर को अत्याधुनिक और आरामदायक फीचर्स से लैस किया गया है। एक्सईवी 9ई मॉडल को अधिकतम आराम और सुविधाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जिसमें "एमएआईए" तकनीक का उपयोग किया गया है। संस्कृत के "मैजिक'' शब्द से प्रेरित यह ऐ आई -आधारित प्रणाली 12 सेंसर, 5 रडार और OTA अपडेट्स के साथ सुरक्षित और सहज ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है। इसके अलावा, इसमें ट्रिपल स्क्रीन डिस्प्ले दिया गया है, जो उच्च-परिभाषा सिनेमास्कोप अनुभव प्रदान करता है। एसयूवी में सॉफ्ट पैडेड फ्रंट सीट्स, एलिवेटेड केबिन डिजाइन और 1400-वाट की 16 स्पीकर्स वाली हरमन कार्डन डॉल्बी एटमॉस ऑडियो सिस्टम दी गई है, जो यात्रा के दौरान कॉन्सर्ट जैसा अनुभव प्रदान करेगी।

नई महिंद्रा इलेक्ट्रिक एसयूवी की बुकिंग 14 फरवरी से शुरू होगी, जबकि डिलीवरी मार्च मध्य से की जाएगी। इस एसयूवी की एक्स-शोरूम कीमत 18.90 लाख रुपये से शुरू होगी। यह एसयूवी बीई 6 और एक्सईवी 9ई इन दो मॉडलों में उपलब्ध होगी। बीई 6 मॉडल फायरस्टॉर्म ऑरेंज, टैंगो रेड, एवरेस्ट व्हाइट, डीप फॉरेस्ट, स्टेल्थ ब्लैक, डेजर्ट मिस्ट और एवरेस्ट व्हाइट रंगों में उपलब्ध होगा, जबकि एक्सईवी 9ई मॉडल टैंगो रेड, एवरेस्ट व्हाइट, डेजर्ट मिस्ट, डीप फॉरेस्ट, नेब्युला ब्लू, रूबी वेल्वेट और स्टेल्थ ब्लैक रंगों में उपलब्ध होगा। एसयूवी के प्रदर्शन और टेस्ट ड्राइव के इच्छुक ग्राहक प्रोविंशियल ऑटोमोबाइल (9225179045) और उन्नति मोटर्स (9923908907) से संपर्क कर सकते हैं।

# टाटा एआईजी कंपनी लि.ने अपना नया ब्रांड कैम्पेन शुरू किया

**मुंबई.**

भारत की एक अग्रणी जनरल इन्शुरन्स कंपनी टाटा एआईजी जनरल इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने अपना नया ब्रांड कैम्पेन शुरू किया है - 'विथ यू लाइक फैमिली, विथ यू ऑलवेज़', हर परिवार में एक दूसरे के प्रति प्यार और देखभाल की भावना होती है, अक्सर बिना कुछ बोले एक दूसरे का अटूट साथ देता है परिवार, बहुत अच्छे से खयाल रखता है l इस अनकहे लेकिन गहराई से महसूस किए जाने वाले प्यार को इस कैम्पेन में दर्शाया गया है। यह कैम्पेन ज़ोर देता है कि चाहे कुछ भी हो जाए, आपकी ज़िन्दगी में हर कदम पर आपके प्रियजन हमेशा आपका साथ देंगे।



इसी मुद्दे को ज़िन्दगी के अलग-अलग चरणों में दर्शाने के लिए "पिता" और "पुत्र" के रिश्ते का इस्तेमाल किया गया है, एक ऐसा रिश्ता जिसके बारे में बहुत कम बोला और कहा जाता है।टीबीडब्ल्यूए द्वारा विकसित, कैम्पेन फिल्म में ज़िन्दगी के अलग-अलग चरणों में पिता और पुत्र के बीच के अलग-अलग किस्से दिखाए गए हैं। यह फिल्म दिखाती है कि कैसे समय के साथ देखभाल और जिम्मेदारी कैसे विकसित होती है। फिल्म की शुरूआत होती है, एक पिता अपने छोटे बेटे को सुरक्षापूर्ण आलिंगन दे रहे हैं, यह सीन दिखाता है कि पिता बिना कुछ बोले ज़िन्दगी भर के लिए बेटे को समर्थन देते रहेंगे। जैसे-जैसे बेटा बड़ा होता है, पिता उसके साथ खड़े रहते है - बेटे को शिक्षा में मार्गदर्शन करते है, और उसके करियर का समर्थन करते है। समय के साथ, भूमिकाएं बदल जाती हैं, और बेटा अपने बूढ़े पिता की भलाई का खयाल रखता है। फिल्म इस बात पर प्रकाश डालती है कि रिश्तों को परिभाषित करने वाले रोज़मर्रा के पलों में सच्ची सुरक्षा निहित होती है।टाटा एआईजी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और विपणन प्रमुख श्री शेखर सौरभ ने कहा, "यह अभियान पिता और पुत्र के बीच के मज़बूत रिश्ते को उजागर करता है, यह ऐसा रिश्ता है जिसके बारे में बहुत कम बात की जाती है। जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, उन्हें एक-दूसरे के लिए अपने प्यार को व्यक्त करना मुश्किल लगता है, लेकिन ज़रूरत के समय वे हमेशा एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं। इस कहानी में हम अपने उपभोक्ताओं की कहानी बता रहे हैं कि, कैसे वे ज़िन्दगी में बिना कुछ कहे और बिना किसी शर्त के अपने परिवार की देखभाल करते हैं। टाटा एआईजी उनकी इस यात्रा में उनका समर्थन करता है, उन्हें ऐसे समाधान प्रदान करता है जो उन्हें अपने प्रियजनों की सर्वोत्तम संभव तरीके से देखभाल करने में मदद करते हैं। 'विथ यू लाइक फैमिली, विथ यू ऑलवेज़' एक विश्वास का प्रतिबिंब है, विश्वास जो इस बात को पुष्ट करता है कि टाटा एआईजी स्वास्थ्य बीमा, आपके परिवार की तरह ही, जीवन की अनिश्चितताओं के दौरान अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन प्रदान करता है।"

टीबीडब्ल्यूए के सीईओ गोविंद पांडे ने कहा, "हमारे लिए बिना शर्त प्यार सबसे पहले परिवार से मिलता है और ज़िन्दगी की प्रतिकूलताओं के दौरान पहला समर्थन भी परिवार से ही मिलता है। टाटा एआईजी स्वास्थ्य बीमा ज़िन्दगी के सबसे अनिश्चित क्षणों में सुरक्षा, विश्वास और आश्वासन प्रदान करता है, जो एक परिवार द्वारा प्रदान की जाने वाली एकमात्र चीज है। उनके बीमा समाधान केवल लेन-देन से परे हैं, वे वास्तव में कीमती चीज़ों की देखभाल करते हैं। यह फिल्म अतिशयोक्ति और हाइपरबोल की वर्तमान कैटेगरी से हटके कुछ अलग कर दिखाने की कोशिश करती है।

अभियान को टेलीविजन, डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, इंटरनेट, ओटीटी और आउटडोर सहित कई मीडिया चैनलों पर शुरू किया जाएगा, जिससे यह देश भर के दर्शकों तक पहुंचेगा। अभियान को पूरे भारत में लॉन्च किया जा रहा है और इसे छह क्षेत्रीय भाषाओं में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे इसका प्रभाव और पहुंच बढ़ेगी।

# एलजी इंडिया ने रक्तदान अभियान का किया विस्तार

**नई दिल्ली.**

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया अपनी मेगा रक्तदान अभियान के तीसरे संस्करण को लॉन्च करने के लिए तैयार है, जो "जीवन अच्छा होता है जब जीवन साझा किया जाता है" के मूल संदेश के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस पहल का उद्देश्य समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को संगठित करना है और 70 शहरों में 400 रक्तदान शिविरों का आयोजन करना है। वर्ष 2019 और 2023 में, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सफलतापूर्वक लगभग 188 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया, जिसके माध्यम से 17,700 से अधिक पंजीकरण हुए। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, 2025 के अभियान का लक्ष्य 30,000 पंजीकरण प्राप्त करना है। प्रत्येक शिविर में रक्तदाताओं को आवश्यक चिकित्सा जांच, जलपान और प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे, ताकि एक सहज और प्रेरक रक्तदान अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। केयर टूडे फंड, यूनाईटेड वे मुंबई और सक्षम भारती फाउंडेशन जैसे विश्वसनीय साझेदारों के साथ सहयोग करते हुए एलजी भारत में स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को मजबूत बनाने का प्रयास कर रहा है।



इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी होंग जू जियोन ने कहा, "हम सार्थक हस्तक्षेप के साथ सीएसआर कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेगा रक्तदान अभियान का यह तीसरा संस्करण हमारे इस संकल्प का प्रतिबिंब है कि लोगों के लिए 'लाइफ्स गुड' बनाया जाए। हमारा उद्देश्य समुदायों को सक्रिय रूप से भाग लेने और इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है, जो हमारे मूल संदेश 'जीवन साझा करने पर ही अच्छा बनता है' के साथ जुड़ा हुआ है।"

स्थलीय रक्तदान शिविरों के अतिरिक्त, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया पूरे देश में रेडियो और डिजिटल मीडिया के माध्यम से नागरिक जन जागरूकता अभियान चलाएगा। इस जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के महत्व और लाभों के प्रति संवेदनशील बनाना है। भागीदारी को सरल और सुलभ बनाने के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया मेगा रक्तदान अभियान के लिए एक विशेष माइक्रोसाइट लॉन्च करेगा। यह प्लेटफॉर्म व्यक्तियों को अपना समर्थन देने, रक्तदान शिविरों के लिए पंजीकरण करने और अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने की सुविधा देगा। माइक्रोसाइट दाताओं के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में कार्य करेगा, जहां शिविर स्थानों और प्रथम बार दाताओं के लिए दिशानिर्देशों की रियल-टाइम जानकारी उपलब्ध होगी। इस पहल के माध्यम से एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया समाज के प्रति योगदान और साझेदारी के अपने समर्थन को जारी रखता है तथा इस विश्वास को मजबूत करता है कि "जीवन साझा करने पर ही अच्छा बनता है। अभियान, आगामी शिविरों और भाग लेने के तरीके की अधिक जानकारी के लिए कृपया https://lg-india.com/blood-donation/ पर जाएं।

# टोयोटा किर्लोस्कर ने प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत किया

**नई दिल्ली.**

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 11 से 14 फरवरी 2025 के दौरान दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में अपनी भागीदारी दर्ज की। इसके तहत कंपनी ने 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता और 2070 तक नेट जीरो के लिए भारत के दर्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इंडिया एनर्जी वीक – (भारत ऊर्जा सप्ताह, आईईडब्ल्यू) 2025 ऊर्जा आत्मनिर्भरता को साकार करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यावहारिक और स्केलेबल स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करता है। यह कार्यक्रम वैश्विक राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, विचारकों, विशेषज्ञों और अंतिम उपयोगकर्ताओं को ऊर्जा परिदृश्य, प्रौद्योगिकियों, उद्योग के रुझानों और नीति दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाता है। आगे बढ़ते हुए, भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि और नए वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी को देखते हुए, विद्युतीकृत वाहनों की पूरी रेंज के साथ-साथ वैकल्पिक ईंधन से चलने वाली प्रौद्योगिकियों सहित सभी स्वच्छ प्रौद्योगिकियां समय की मांग है। इस संदर्भ में, इथेनॉल एक स्वदेशी और स्वच्छ ऊर्जा स्रोत होने के नाते भारत के लिए तत्काल लाभ की जबरदस्त क्षमता रखता है, क्योंकि यह जीवाश्म



ईंधन की खपत, ऊर्जा आयात बिल और कार्बन उत्सर्जन को काफी कम कर सकता है। कृषि आधारित होने के कारण, ईंधन के रूप में इथेनॉल का अधिक उपयोग किसानों की आय में भी वृद्धि करेगा और नए रोजगार सृजित करेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने के अलावा अधिशेष चीनी और खाद्यान्न से सरकार के लिए राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। सरकार ने हाल ही में पराली जैसे कृषि अवशेषों से इथेनॉल बनाने के लिए दूसरी पीढ़ी की तकनीक शुरू की है , जिसे वर्तमान में जला दिया जाता है इस कार्यक्रम में उपस्थित, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - कॉर्पोरेट मामले व प्रशासन, विक्रम गुलाटी ने कहा, " इंडिया एनर्जी वीक (भारत ऊर्जा सप्ताह) ऊर्जा, गतिशीलता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वालों को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीकेएम निरंतर जारी रहने वाले अपने गतिशीलता समाधानों को तेजी से आगे बढ़ा रहा है, वाहनों से आगे बढ़कर, विनिर्माण कार्यों के लिए अक्षय ऊर्जा को अपना रहा है, 'मेक इन इंडिया' के तहत स्थानीयकरण और कौशल पहल को मजबूत कर रहा है, ताकि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा सके। संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में स्वच्छ ऊर्जा एकीकरण को बढ़ावा देकर, टीकेएम का लक्ष्य न केवल निरंतरता को बढ़ावा देना है, बल्कि एक आत्मनिर्भर, ऊर्जा-समृद्ध भारत को सक्षम बनाना है जो देश के नेट जीरो विजन के साथ तालमेल में हो। इसके अलावा, उद्योग के लिए स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना अनिवार्य है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हरित प्रौद्योगिकियां अधिक सुलभ और सस्ती हो जाएं। इस संदर्भ में, 'ग्रो इंडिया - ग्रो विद इंडिया' के अपने कॉर्पोरेट मंत्र के साथ तालमेल बैठाते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर भारत के हरित औद्योगिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए निवेश से आगे बढ़कर स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं और कार्यबल विकास को मजबूत करना जारी रखता है।

# बीयर के दाम में इजाफा

**तेलंगाना.**

सरकार ने तेलंगाना बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड को बीयर की कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने की अनुमति दे दी है. यह फैसला ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के अनुरोध के बाद और यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड द्वारा सप्लाई रोकने के बाद आया है. आठ जनवरी को यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड (यूबीएल) ने घोषणा की कि उसने तेलंगाना बेवरेजेज कॉरपोरेशन को अपनी बीयर की सप्लाई तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है.



यूबीएल ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि यह निर्णय वर्ष 2019-20 से कंपनी की बीयर की कीमतों में संशोधन न करने के कारण राज्य में हुए भारी नुकसान के कारण लिया गया था. इसके अलावा, यूबीएल ने दावा किया कि टीजीबीसीएल पर पिछली बीयर सप्लाई के लिए काफी बकाया है. हालांकि, इस बारे में किसी विशेष विवरण का खुलासा नहीं किया गया. हालांकि, यूनाइटेड ब्रूअरीज ने बाद में आपूर्ति फिर से शुरू कर दी.

राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए, बीएआई ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से बीयर इंडस्ट्री के भीतर लंबित मुद्दों को हल करने का आग्रह किया. बीएआई ने बयान में कहा कि हालांकि, जिस वृद्धि की अनुमति दी जा रही है,

### राज्य में इंडस्ट्री की चिंताओं के प्रति सजग

वह उत्पादन की लागत में वृद्धि या उद्योग की अपेक्षा से कम है, लेकिन हम इसका स्वागत करते हैं क्योंकि यह संकेत देता है कि सरकार राज्य में बिजनेस प्रोफिटिबिलिटी पर इंडस्ट्री की चिंताओं के प्रति सजग है और इस पर विचार करने के अपने वादे पर खरी उतरी है. बीएआई के महानिदेशक विनोद गिरी ने कहा कि बाजार संचालित प्रणाली सभी को लाभ पहुंचाने का सबसे कुशल तरीका है और हम इस दृष्टिकोण की वकालत करने के लिए सरकार के साथ बातचीत जारी रखेंगे.


## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — 4:30 वाजता
• विजयालक्ष्मी विकली लॉटरी •

सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 07 • तिकिट कि. रु. 15/- • सोडत दिनांक 12/02/2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SV-01 : 2649 | | |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 5906 | अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2915 | 5062 लॉटरी भांडार - नागपूर | 5602 किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली |

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1138 | 2037 | 3204 | 4076 | 5057 |
| 1243 | 2236 | 3263 | 4246 | 5071 |
| 1394 | 2279 | 3305 | 4300 | 5099 |
| 1570 | 2357 | 3309 | 4340 | 5142 |
| 1657 | 2553 | 3662 | 4416 | 5304 |
| 1684 | 2782 | 3677 | 4930 | 5755 |
| 1863 | 2892 | 3818 | 4944 | 5882 |
| 1971 | 2926 | 4048 | 4980 | 5995 |

महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 21/02/2025 — ₹ 50 लाख — ₹ 10 लाख — ₹ 5 लाख

महाराष्ट्र सह्याद्री महालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 12/02/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी — 4:45 वाजता

सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 07 • तिकिट कि. रु. 20/- • सोडत दिनांक 12/02/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 2596 | 5312 | 6343 | 5626 | 2711 |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES | | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 1621 | | 5558 | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1203 | 3383 | 7295 | 8350 | 9159 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0284 | 0673 | 2885 | 3662 | 5520 | 5813 | 6745 | 8647 | 9253 | 9390 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0193 | 0431 | 0854 | 1859 | 2757 | 2765 | 6288 | 7841 | 9841 | 9914 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0650 | 1450 | 2298 | 3834 | 4552 | 5597 | 6676 | 7697 | 8199 | 9175 |
| | 0677 | 1464 | 2628 | 3842 | 4564 | 5654 | 6741 | 7701 | 8222 | 9301 |
| 0056 | 0756 | 1514 | 2711 | 3917 | 4581 | 5713 | 6767 | 7703 | 8229 | 9330 |
| 0066 | 0859 | 1515 | 2802 | 3933 | 4632 | 5776 | 6817 | 7723 | 8238 | 9341 |
| 0097 | 0868 | 1518 | 2832 | 4066 | 4748 | 5799 | 6848 | 7724 | 8258 | 9373 |
| 0102 | 0893 | 1552 | 2915 | 4073 | 4771 | 5858 | 6886 | 7760 | 8318 | 9419 |
| 0148 | 0930 | 1573 | 3061 | 4078 | 4814 | 6000 | 6926 | 7763 | 8325 | 9453 |
| 0216 | 0977 | 1616 | 3067 | 4123 | 4837 | 6036 | 6956 | 7778 | 8383 | 9492 |
| 0239 | 1018 | 1670 | 3068 | 4218 | 4934 | 6067 | 6961 | 7785 | 8406 | 9518 |
| 0246 | 1099 | 1753 | 3136 | 4242 | 4942 | 6104 | 6965 | 7797 | 8447 | 9579 |
| 0263 | 1110 | 1755 | 3137 | 4243 | 4997 | 6196 | 7148 | 7815 | 8481 | 9657 |
| 0301 | 1113 | 1812 | 3172 | 4312 | 5296 | 6280 | 7223 | 7877 | 8682 | 9694 |
| 0305 | 1163 | 1840 | 3330 | 4344 | 5300 | 6506 | 7247 | 7911 | 8710 | 9794 |
| 0390 | 1185 | 1915 | 3473 | 4424 | 5315 | 6556 | 7252 | 7931 | 8808 | 9838 |
| 0410 | 1218 | 2209 | 3660 | 4450 | 5380 | 6557 | 7376 | 7996 | 8820 | 9878 |
| 0420 | 1219 | 2230 | 3663 | 4493 | 5391 | 6570 | 7412 | 7997 | 8830 | 9890 |
| 0423 | 1318 | 2236 | 3687 | 4525 | 5424 | 6610 | 7551 | 8038 | 8851 | 9943 |
| 0554 | 1336 | 2275 | 3691 | 4532 | 5488 | 6641 | 7668 | 8040 | 8856 | 9949 |
| 0572 | 1400 | 2294 | 3827 | 4543 | 5580 | 6642 | 7677 | 8192 | 9099 | 9973 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/02/2025 — ₹ 14 लाख — ₹ 2.5 लाख

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 12/02/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# हर जिले में 'उमेद मॉल' की स्थापना

## > 25 लाख 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य : फडणवीस

**मुंबई.**

'महालक्ष्मी सरस' एक अत्यंत लोकप्रिय पहल बन गई है। राज्य भर के स्वयं सहायता समूहों को स्थायी बाजार उपलब्ध कराने के लिए, पहले चरण में 10 जिलों में 10 मॉल स्थापित किए जाएंगे। धीरे-धीरे, पूरे राज्य में 'उमेद मॉल' स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही, सरकार का लक्ष्य आगामी वर्षों में एक करोड़ 'लखपति दीदी' बनाने का है। वर्तमान में, महाराष्ट्र में 18 लाख लखपति दीदी हैं, और मार्च तक यह संख्या 25 लाख तक पहुंचाई जाएगी, ऐसी घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की।



वे बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई में ग्राम विकास एवं पंचायत राज विभाग के अंतर्गत उमेद महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान द्वारा 11 से 23 फरवरी तक आयोजित "महालक्ष्मी सरस विक्रय एवं प्रदर्शनी – 2025" के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम में ग्राम विकास मंत्री जयकुमार गोरे, राज्य मंत्री योगेश कदम, प्रधान सचिव एकनाथ डवले, 'उमेद' के सीईओ निलेश सागर, सीओओ परमेश्वर राऊत सहित राज्यभर से हजारों महिला बचत समूहों की सदस्याएं उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि 'महालक्ष्मी सरस' पिछले 21 वर्षों से लगातार जारी एक सफल पहल है। 'उमेद' अभियान ने महिला स्वयं सहायता समूहों को एक मजबूत विपणन मंच प्रदान किया है। इन समूहों द्वारा उत्पादित सामान बेहद उच्च गुणवत्ता के होते हैं, लेकिन उनकी बिक्री के लिए सुनियोजित विपणन रणनीतियों की आवश्यकता होती है।

इसलिए, हर जिले में जिला परिषद परिसर में 'उमेद मॉल' स्थापित किए जाएंगे, जिसके लिए आगामी राज्य बजट में प्रावधान किया जाएगा। पहले चरण में 10 जिलों में ये मॉल बनाए जाएंगे, उन्होंने कहा।

### 11 लाख से अधिक लखपति दीदी

उन्होंने कहा कि एसएचजी उत्पाद निजी कंपनियों के उत्पादों से अधिक गुणवत्ता वाले होते हैं और सस्ते दरों पर उपलब्ध होते हैं। 'उमेद' के तहत 60 लाख से अधिक परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'लखपति दीदी' योजना के तहत, जिन महिलाओं की वार्षिक आय ₹ 1 लाख से अधिक होती है, उन्हें 'लखपति दीदी' कहा जाता है। वर्तमान में महाराष्ट्र में 11 लाख से अधिक लखपति दीदी हैं। जल्द ही यह संख्या 25 लाख तक पहुंचाई जाएगी, और लक्ष्य 1 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है।

# फिर एक होगा ठाकरे परिवार

**मुंबई.**



विधानसभा चुनाव 2024 में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) तथा राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की दुर्गति के बाद ठाकरे परिवार को मानने वाले बार-बार दोनों भाइयों (उद्धव व राज) से साथ आने की अपील करते रहे हैं। पिछली कुछ सभाओं में राज ने उद्धव के खिलाफ टिप्पणी नहीं की इसलिए महाराष्ट्र में निकट भविष्य में होने वाले मनपा/निकाय चुनाव की तैयारियों की पृष्ठभूमि में उद्धव-राज के साथ आने का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया। इस बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में शिवसेना (यूबीटी) के नेता विधायक आदित्य ठाकरे 'बिन शर्त' कहते हुए दोनों भाइयों के साथ आने की संभावनाओं को बल दिया है।

आदित्य ने उद्धव और राज के एक साथ आने के मुद्दे पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दे समझ से परे होते हैं। दोनों भाई करीब 20 साल पहले अलग हुए थे। 5 या 10 साल पहले उद्धव ने हाथ साथ आने के लिए बढ़ाया भी था लेकिन अब यह कब संभव होगा, यह देखना होगा।

ऐसा कहते हुए आदित्य ने कहा कि पिछले दो वर्षों से हमारी लड़ाई चल रही है। हमने अपनी भूमिका नहीं बदली है। राज के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधते हुए आदित्य ने कहा कि हम रात-बेरात हुडी और वगैरह पहनकर किसी से मिलने नहीं गए। हम सबके सामने मुख्यमंत्री से मिलते हैं और अपनी मांगें मीडिया के सामने रखते हैं। लेकिन कुछ पार्टियां 'बिना शर्त' समर्थन करती हैं।

कभी-कभी वे अपने दम पर लड़ते हैं तो कभी-कभी मतदान में गड़बड़ी का आरोप लगाने लगते हैं। कभी-कभी वे सभा आयोजित करते हैं। लेकिन हमें चाहे जितनी भी असफलताओं का सामना करना पड़े या घात हो, हम अपनी विचारधारा नहीं छोड़ेंगे। भूमिका में निरंतरता बनी रहनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं होता है। भाजपा से गठबंधन के प्रस्ताव पर आदित्य ने कहा कि समय-समय पर प्रस्ताव आते रहते हैं। लेकिन हम अपनी भूमिका को लेकर दृढ़ हैं। जब तक वे देश, लोकतंत्र, संविधान और महाराष्ट्र को बचाने व संरक्षित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाते, तब तक यह संभव नहीं है। भाजपा को अपनी स्थिति बतानी चाहिए। आदित्य ने कहा कि बीजेपी हमें तोड़ने की चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, लेकिन हम महाराष्ट्र के लिए लड़ते रहेंगे। महाराष्ट्र की हमारी आवाज बंद नहीं होगी।

# पीठ पर छुरा घोंपने वालों को दिया गौरव पुरस्कार

## > अरविंद सावंत बोले- शरद पवार का ये पैंतरा नहीं समझा

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मंगलवार को महादजी शिंदे राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एकनाथ शिंदे को ये गौरव एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार ने प्रदान किया। महादजी शिंदे राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर शिवसेना यूबीटी ने विरोध किया। एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार शरद पवार द्वारा दिए जाने पर शिवसेना यूबीटी भड़क गई है और इस फैसले को निंदनीय बता रही है। इस यूबीटी ने अरविंद सावंत ने एकनाथ शिंदे को भगोड़ा बताते हुए इसके पीछे का कारण पूछा है।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एनसीपी (सपा) प्रमुख शरद पवार से महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार मिलने पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा, " महादजी शिंदे देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले लोग है। महादजी शिंदे ने देश की आजादी और स्वाभिमान के लिए लड़ाई लड़ी। एकनाथ शिंदे को भगोड़ा बताते हुए अरविंद सावंत ने कहा, "अपनी पार्टी की पीठ में छुरा घोंपकर दुश्मनों के पास भागने वाले इन भगोड़ों को महादजी शिंदे के नाम से सम्मानित करना गलत है। यह महाराष्ट्र के गौरव के लिए अच्छा नहीं था। शरद पवार उन लोगों को सम्मानित करने गए जिन्होंने सरकार गिराई और विश्वासघात किया?"

शरद पवार के सम्मानित करने पर अरविंद सावंत ने कहा, "ये महाराष्ट्र के गौरव के लिए अच्छा नहीं है। ये हमारे समझ के बाहर की बात है।" इस बीच शिवसेना यूबीटी संजय राउत ने भी शरद पवार को खूब सुनाया है। संजय राउत ने संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र का राजनीतिक परिदृश्य बहुत अजीब दिशा में जा रहा है। कौन किसको धोखा देता है, कौन किसका समर्थन करता है, यह सब देखने वाली बात है। एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र सरकार गिराई, विश्वासघात किया। ऐसे व्यक्ति को शरद पवार पुरस्कार दे रहे हैं, यह महाराष्ट्र के गौरव को ठेस पहुंचाने वाला है।

### बाइक पर पेट्रोल डालकर लगा दी आग

**मुंबई.** ठाणे के उल्हासनगर में दो पक्षों के बीच मामूली विवाद हो गया. यह विवाद इतना पढ़ा तीन लोगों ने मिलकर दो भाइयों की बाइक पर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया, जिससे बाइक देखते ही देखते खाक हो गई. पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर इस घटना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. यह घटना रविवार शाम की है. उल्हासनगर में एक युवक और तीनों आरोपियों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था. विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर आरोपियों ने पेट्रोल डालकर युवक और उसके भाई की बाइक को आग के हवाले कर दिया. इस घटना के बाद आसपास हड़कंप मच गया.

विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित ने मामले की शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है. आरोपियों की पहचान आयुष रॉय, बाबू और गौतम फुलवानी के रूप में हुई है.

# जापान की कार्य-संस्कृति दुनिया में सर्वश्रेष्ठ: सी. पी. राधाकृष्णन

**मुंबई.**

जापान के लोग मेहनती, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ होते हैं, और जापान की कार्य संस्कृति दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। हिरोशिमा और नागासाकी शहरों के विनाश के बाद जिस संकल्प के साथ जापान ने खुद को नए उत्साह के साथ फिर से खड़ा किया, वह अत्यंत सराहनीय है। यह प्रशंसा महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने व्यक्त की।

जापान के सम्राट नारुहितो के 65वें जन्मदिन के अवसर पर मुंबई में जापान के वाणिज्य दूतावास द्वारा सोमवार को होटल ताजमहल, मुंबई में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा कि भले ही कार का आविष्कार अमेरिका में हुआ हो, लेकिन जापान में निर्मित कारें गुणवत्ता



और आराम के मामले में दुनिया में सर्वोत्तम होती हैं। जापान में निर्मित हर उत्पाद गुणवत्ता की कड़ी कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही बाजार में लाया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण सीखने योग्य बात है। राज्यपाल ने महाराष्ट्र में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, विशेष रूप से अटल सेतु, मुंबई मेट्रो लाइन और बुलेट ट्रेन परियोजना को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए जापान सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। भारत और जापान के बीच कई शताब्दियों से सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक संबंध प्रगाढ़ रहे हैं। राज्यपाल ने इस अवसर पर पर्यटन, विशेष रूप से आध्यात्मिक और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर मुंबई में जापान के वाणिज्य दूत यागी कोजी ने कहा कि पिछले वर्ष भारत से 2.30 लाख पर्यटक जापान गए थे और इस संख्या को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत भारत और जापान के राष्ट्रगान से हुई। जापान के सम्राट नारुहितो को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, राजशिष्टाचार मंत्री जयकुमार रावल, कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मुंबई में जापान के वाणिज्य दूत यागी कोजी, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां और विभिन्न देशों के वाणिज्य दूत उपस्थित थे।

### समय रैना की मुश्किलें बढ़ीं

**मुंबई.** यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' से जुड़ा विवाद गहराता जा रहा है. महाराष्ट्र साइबर सेल इस केस की जांच कर रहा है. शो के हालिया एपिसोड में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की अश्लील टिप्पणी के बाद अलग-अलग राज्यों में 'इंडियाज गॉट लेटेंट' से जुड़े लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं.साइबर सेल ने कहा है कि हम शो के सभी 18 एपिसोड्स की जांच कर रहे हैं. इन 18 एपिसोड्स में जितने लोग जज के रूप में शामिल हुए थे उनमें से जितने लोगों ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी. साथ ही शो में ऑडियंस के रूप में आए लोगों के बयान गवाह के तौर पर दर्ज किए जाएंगे.अधिकारियों ने कहा कि शो में जितने लोगों ने पार्टिसिपेट किया, उनमें से जिस-जिसने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी. महाराष्ट्र साइबर सेल ने यूट्यूब को पत्र लिखा है और कहा है कि इस शो के सभी एपिसोड्स, जिनमें अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है, उन्हें डिलीट किया जाए.

# नवी मुंबई में हुई 'रोड रेज' हत्या केस की सुलझेगी गुत्थी

**ठाणे.**

नवी मुंबई में फरवरी माह की शुरुआत में हुई 'रोड रेज' की घटना में 2 मोटरसाइकिल सवारों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या की जांच के सिलसिले में पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दो फरवरी को सड़क पर हुए इस विवाद में वाशी निवासी शिवकुमार रोशनलाल शर्मा (45) की मौत हो गई थी। शर्मा अपने दोपहिया वाहन से बेलपाड़ा-उत्सव चौक रोड से गुजर रहे थे तभी उन्होंने अपना वाहन सामने से आ रहे स्कूटर के सामने से अचानक मोड़ दिया था।

इस हरकत से गुस्साए आरोपियों ने शर्मा की गाड़ी रुकवाया और उनसे भिड़ गए। उनमें से एक ने पीड़ित को पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने उसके सिर पर हेलमेट से वार किया। शर्मा मौके पर ही गिर पड़े। पुलिस के अनुसार, कुछ राहगीरों ने उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिए कुल 8 टीमें बनाई।

पुलिस ने मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि उन्होंने विभिन्न इलाकों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और संदिग्धों का पता लगाने के लिए तकनीकी और खुफिया सूचनाओं का भी इस्तेमाल किया। पुलिस ने मंगलवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर पड़ोसी जिला मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स यानी बीकेसी से मोहम्मद रेहान अंसारी उम्र 22 नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे 15 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या, आपराधिक धमकी और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पीएम को 'धमकी' देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई.**

पुलिस ने जानकारी देते हुए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक विदेश दौरे से पहले उनके विमान पर आतंकी हमले की धमकी देने के मामले में मुंबई के चेंबूर इलाके से एक शख्स को हिरासत में ले लिया है. धमकी भरे कॉल पर घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क करते हुए जांच शुरू कर दी थी. मुंबई पुलिस ने कहा, "11 फरवरी (मंगलवार) को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई जिसमें यह धमकी दी गई थी कि आतंकवादी आधिकारिक विदेश दौरे पर जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं. धमकी भरे फोन कॉल की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अन्य जांच एजेंसियों को सूचित किया और जांच शुरू की." पुलिस ने बताया, "धमकी भरे कॉल करने वाले शख्स को चेंबूर इलाके से हिरासत में लिया गया है. वह मानसिक रूप से बीमार है.



हालांकि, पुलिस की ओर से की गई जांच में यह बात सामने आई है कि इसी नंबर से मुंबई कंट्रोल रूम को अब तक कुल 1,414 धमकी भरे कॉल किए जा चुके हैं. इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस तरह का कॉल करने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार हो सकता है, फिर भी पुलिस पूरी सतर्कता बरतते हुए मामले की गहराई से जांच कर रही है.

पीएम मोदी इस समय फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर हैं. पीएम मोदी ने कल मंगलवार को पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता की. हफ्ते भर चलने वाले इस शिखर सम्मेलन का समापन एक हाई लेवल सेगमेंट के साथ हुआ, जिसमें वैश्विक स्तर के नेताओं, नीति निर्माताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया.

इससे पहले पीएम मोदी फ्रांसीसी शहर मार्सिले में पहुंचने के बाद वहां के एक होटल में भारतीय प्रवासियों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया. पीएम मोदी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (आईटीईआर) प्रोजेक्ट का दौरा करने वाले हैं, जो न्यूक्लियर फ्यूजन रिसर्च में एक अहम अंतरराष्ट्रीय सहयोग है.

फ्रांस के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के न्योते पर पीएम मोदी अमेरिका जाएंगे.

# राजन साल्वी ने छोड़ा उद्धव ठाकरे का साथ

**मुंबई.** उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) को बड़ा झटका लगा है. पूर्व विधायक राजन साल्वी ने पार्टी के उपनेता पद से इस्तीफा दे दिया है. राजन साल्वी के अब एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना (शिंदे) में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं. राजन साल्वी हालिया विधानसभा चुनाव में हार गए थे. विधानसभा चुनाव में हार के बाद से ही राजन साल्वी पार्टी से नाराज चल रहे थे. राजन सालवी के इस्तीफे को उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. राजन साल्वी 13 फरवरी को ठाणे में आयोजित कार्यक्रम में शिवसेना (शिंदे) की सदस्यता ग्रहण करेंगे.


**नगर परिषद बुटीबोरी, जिल्हा – नागपुर**

न.प.बुटी/अग्नि.वि./जा.क्र./२८०/२०२५ दि. १२/०२/२०२५

**-: अग्निशमन विभागाकरिता दरपत्रके देणेबाबत :-**

मुख्याधिकारी, नगर परिषद बुटीबोरी यांच्या वतीने अग्निशमन विभागातील अग्निशमन साहित्य व उपकरणे खरेदी करण्यासाठी दरपत्रके मागविण्यात येत आहे. तरी इच्छुक पुरवठाधारक/अभिकर्ता/एजन्सी/कंत्राटदार / संस्था यांनी आपले स्वतंत्र लेटरपॅडवर सीलबंद लिफाफ्यात प्रती नग दर नमूद करून आपली कमीत कमी दराचे दरपत्रक/ कोटेशन मुख्याधिकारी यांचे नावे नगर परिषद बुटीबोरी कार्यालयात आवक-जावक विभागाकडे **दिनांक – २१/०२/२०२५ पर्यंत ला दुपारी ०५:०० वाजता** पर्यंत सादर करण्यात यावे. सदर अग्निशमन साहित्य व उपकरणे यांच्या तांत्रिक तपशील न. प. अग्निशमन विभाग तसेच कार्यालय नोटीस बोर्डवर पाहण्यास मिळेल. महत्वाची टीप – सदर इच्छुकांनी दरपत्रके देणे म्हणजे साहित्य खरेदी नाही.

स्वा/-

(राजेंद्र चिखलखुंदे)

प्रशासक तथा मुख्याधिकारी नगर परिषद बुटीबोरी



**FORM N.D.**

**[See Rule 92 (3)]**

Notice to be published in newspaper by the successor to the vehicle owner.

It is hereby informed for the knowledge of public that **Late Gaurishankar Gopichand Sah**, owner of the M.V.No. (1) **MH-40-BG-7059**, (2) **MH-29-BE-4083**, (3) **MH-49-BL-7540**, (4) **MH-31-DV-0425**, has expired on **6-11-2024.**

I, **Gudiya Gaurishankar Sah** R/o. Plot No. 229, Gali No. 1, Sharda Chowk, Gangabag, Nagpur-8 (M.S.) being the successors to the possession of the above mentioned to confer intend to use the Vehicles and accordingly.

I have applied to the appropriate R.T.O. authority / Regional Nagpur Transport Office / Transport Authority for the Transfer of Vehicles on my name.

Any person having any claim or objection in this regard, should within 07 days from the date of publication of this notice, bring such fact to the notice of Regional Transport office/region Transport Authority.

Nagpur / Dt. 12.02.2025 Name of the successor.

**Gudiya Gaurishankar Sah**

R/o. Plot No. 229, Gali No. 1, Sharda Chowk, Gangabag, Nagpur-8 (M.S.)



Dr. Panjabrao Deshmukh Krishi Vidyapeeth, Akola COLLEGE OF AGRICULTURE, NAGPUR

No.ACN/Tender/OMHS/5132/2025 Dated: 12/02/2025

**E-TENDER NOTICE**

Notice for inviting E-tenders for Operation, Maintenance, Housekeeping, Sanitation and other related works at Scientist Home and Guest House including premises at Bajaj Nagpur under College of Agriculture, Nagpur

**Period of 36 Months**

The E-tender for Operation, Maintenance, Housekeeping, Sanitation and other related works at Scientist Home and Guest House including premises at Bajaj Nagpur under College of Agriculture, Nagpur is invited from the interested agencies/ firms. The tender document will be available on website **https:// maharashtra.nextprocure.in/.** Blank Tender documents shall **not be sold physically**.

All the interested eligible agencies/firms are hereby informed to get download the tender document from the said web site during 13th February to 27th February, 2025. Pre-tender bid meeting will be held on dated 18th February, 2025 at 11.30 a.m. in the office of the Associate Dean, College of Agriculture, Nagpur.

Associate/Dean
College of Agriculture
Nagpur

Fax: 0712-2554820 / Ph: 0712-2530685

क्र. संमावज/नाग/754/2025

कार्यालयीन दूरध्वनी क. 2565108/2560652

जावक क्र/नाग/संमावज. जाहिरात /2025/346


### आज का राशिफल

**मेष** – आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको बेवजह किसी बातों को लेकर गुस्सा करने से बचना होगा।

**वृषभ** – आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको काम अधिक रहने के कारण आप अपनी सेहत के साथ लापरवाही कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को लेकर बातचीत करेंगे।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप भावनाओं में बहकर कोई गलती ना करें,

**तुला** – आज का दिन आपके लिए समस्याओं से निजात दिलाने वाला रहेगा। आपके व्यवसाय में लंबे समय से यदि कुछ समस्या चली आ रही थी

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। व्यवसाय कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखे,

**मकर** – आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। भाई बहनों से आप यदि कोई मदद मांगेंगे,

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान को बढ़ाने वाला रहेगा। आप परिवार में यदि किसी सदस्य को कोई सुझाव देंगे,

**मीन** – आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने कामों को मौज-मस्ती के मूड में करेंगे।

# शिंदे का किया सम्मान तो महाराष्ट्र के गौरव को हुआ अपमान

## > शरद पवार पर भड़के संजय राउत

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार देश के पूर्व कृषि मंत्री शरद पवार ने दिल्ली में शिंदे को प्रदान किया। इस पुरस्कार समारोह को लेकर महाराष्ट्र में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के प्रवक्ता संजय राउत ने पवार के इस निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र का राजनीतिक परिदृश्य बहुत अजीब दिशा में जा रहा है। कौन किसको धोखा देता है, कौन किसका समर्थन करता है, यह सब देखने वाली बात है। एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र सरकार गिराई, विश्वासघात किया। ऐसे व्यक्ति को शरद पवार पुरस्कार दे रहे हैं, यह महाराष्ट्र के गौरव को ठेस पहुंचाने वाला है।



महाराष्ट्र की जनता के सामने हम अब किस मुंह से जाएंगे? राजनीति में दोस्त और दुश्मन नहीं होते, यह मान्यता सही हो सकती है लेकिन महाराष्ट्र के खिलाफ काम करने वाले लोगों को इस तरह से सम्मान देना, यह राज्य की पहचान के लिए हानिकारक है। यह हमारी भावना है, शायद शरद पवार की भावना अलग हो सकती है लेकिन यह महाराष्ट्र के लोगों को स्वीकार्य नहीं है। राउत ने पवार के राजनीतिक फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन्होंने शिवसेना को तोड़ा, उन्हें सम्मान देना यह हमारे लिए दुखद है। दिल्ली का राजनीतिक माहौल कुछ और हो सकता है, लेकिन इस तरह की बात हम सहन नहीं कर सकते। कुछ चीजें राजनीति में अनावश्यक होती हैं।

### साहित्य सम्मेलन पर साधा निशाना

अंत में राउत ने शरद पवार की साहित्य सम्मेलन में भूमिका पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, दिल्ली में हो रहा साहित्य सम्मेलन राजनीति से प्रेरित है, साहित्य से उसका कोई संबंध नहीं है। यह भाजपा का खेल है। क्या आपने मराठी माणुसों की सेवा की है? महाराष्ट्र की पीठ पर पांव रखने वालों का सम्मान करना गलत है।

## सुविचार

ताकत की जरूरत तभी होती है, जब कुछ बुरा करना हो वरना दुनिया में सब कुछ पाने के लिए प्रेम ही काफी है।

## संपादकीय

# नौकरीपेशा मध्यवर्गीय वोटरों की आवाज मायने रखती है

❒ चुनाव परिणामों की कोई भी समीक्षा मतदाताओं के विशिष्ट चरित्र पर रोशनी डाले बिना नहीं की जा सकती। देश के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक प्रत्येक 100 लोगों की आबादी पर हमारे यहां 22 लोग ही ऐसे हैं, जिन्हें नियमित वेतन मिलता है। लेकिन दिल्ली इसका अपवाद है। यहां हर 100 पर 56 वेतनभोगी हैं- फिर चाहे वे निजी कंपनियों में काम करते हों, सरकारी विभागों में या स्कूल-कॉलेजों में। यह है दिल्ली का खाता-पीता मध्यवर्ग। (देश में 13 करोड़ वेतनभोगी हैं, जिनका चौथाई हिस्सा दिल्ली में रहता है!) इस आबादी में देश के मुकाबले अमीर लोगों का प्रतिशत भी संख्यात्मक रूप से उल्लेखनीय है। 2020 के बाद पिछले 5 साल में इस तबके की संख्या साढ़े 6 फीसदी बढ़ गई है। लोकसभा चुनावों में भाजपा को दिल खोलकर वोट करने के बाद पिछले दो विधानसभा चुनावों से इसी खुशहाल वोटर का एक अच्छा-खासा हिस्सा आप के पास खिसक आता था। कम आय वाले वर्ग के दिल-खोल समर्थन के साथ मिलकर आप का वोट प्रतिशत 50 के पार चला जाता था। इस बार भाजपा ने इन वोटरों को कमोबेश अपने पास रोकने में कामयाबी हासिल की। भाजपा के वोटों में जो लगभग 8 फीसदी (38 से 45.56 प्रतिशत) और कांग्रेस के वोटरों में लगभग 2 फीसदी (4.25 से 6.34 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई है, वह यहीं से आती दिखाई देती है। आप के लगभग 10 फीसदी वोट ही गिरे हैं। उसे जो 43.5 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए, वे दिल्ली के गरीबों (मुसलमानों और दलितों समेत जो मोटे तौर पर निम्न आय वर्ग से ताल्लुक रखते हैं) के हैं। इस वर्ग का समर्थन अपने पास बनाए रखने का काम केंद्र सरकार के पिछले ढाई साल में किए गए चार हस्तक्षेपों ने किया। पहला हस्तक्षेप वह था, जब सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले को पलटकर केंद्र सरकार ने अफसरों और कर्मचारियों की नियुक्तियों- तबादलों का अधिकार चुनी हुई सरकार से छीनकर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट करने वाले उपराज्यपाल को दे दिया। इसके लिए उसने पहले अध्यादेश जारी किया, और फिर कानून बनाया। इसने आप सरकार को पंगु कर दिया। वह स्कूल खोल सकती थी, पर शिक्षक नियुक्त नहीं कर सकती थी। मुहल्ला क्लिनिक खोल सकती थी, पर डॉक्टर-कम्पाउंडर नियुक्त करने का अधिकार उसके पास नहीं था। यही कारण था कि वह पहले कार्यकाल में बनी डिलीवरी करने वाली सरकार की छवि खो बैठी। नौकरीपेशा मध्यवर्ग की व्यवहार-बुद्धि ने सोचा कि अगर उसने फिर से आप को जिताया तो उसे उपराज्यपाल फिर से काम नहीं करने देंगे। यह ऐसी एंटी-इनकम्बेंसी थी जिसका तोड़ भविष्य में वादे पूरे करने के किसी आश्वासन से नहीं किया जा सकता था। नई दिल्ली नगर महापालिका का चुनाव जीतना भी आप के खिलाफ गया। भाजपा की रणनीति के कारण एनडीएमसी में दो साल हंगामा चलता रहा। इस कारण शहरी गवर्नेंस आश्वासन पूरा नहीं किया जा सका।

# भारत में इस्लामोफोबिया एक भ्रम है, सत्य नहीं

**प्रो. बंदिनी कुमारी**
लेखिका समाजशास्त्र की प्रोफेसर हैं और उत्तर प्रदेश के डिग्री कॉलेज में कार्यरत हैं



❍ वैश्विक संदर्भ में इस्लामोफोबिया एक गंभीर सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक चुनौती बन चुका है। यह समस्या विभिन्न देशों में अलग-अलग रूपों में दिखाई देती है। इस्लामोफोबिया का अर्थ है इस्लाम और मुसलमानों के प्रति अनुचित भय, पूर्वाग्रह या घृणा। यह एक सामाजिक और सांस्कृतिक समस्या है, जिसमें इस्लाम धर्म, उसके अनुयायियों या उनकी परंपराओं के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाता है। इस्लामोफोबिया आमतौर पर गलतफहमियों, सांस्कृतिक भेदभाव, और राजनीतिक या सामाजिक प्रोपेगेंडा के परिणामस्वरूप विकसित होता है।वैश्विक संदर्भ में देखे तो इस्लामोफोबिया की अभिव्यक्ति यूरोपीय देशों में पिछले कुछ दशकों में तेजी से बढ़ा है। मुस्लिम प्रवासियों की संख्या बढ़ने और आतंकी घटनाओं (जैसे 9/11 और पेरिस हमले) के बाद मुसलमानों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ा। एशिया विशेषकर भारत में इस्लामोफोबिया सांप्रदायिक राजनीति, सोशल मीडिया प्रोपेगेंडा और ऐतिहासिक संघर्षों के कारण उभर कर आया है। मुसलमानों को अक्सर सामाजिक और राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जाता है।इसी प्रकार चीन में उइगर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ दमनकारी नीतियां (जैसे "री-एजुकेशन कैंप") इस्लामोफोबिया का बड़ा उदाहरण हैं एवं म्यांमार में रोहिंग्या मुसलमानों के साथ हो रहे अत्याचार और उन्हें देश से निष्कासित करने की घटनाएं इस्लामोफोबिया का रूप हैं। 2019 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में मस्जिद पर हमला इस्लामोफोबिया का चरम रूप था। हालांकि न्यूजीलैंड की सरकार ने इसके खिलाफ सकारात्मक कदम उठाए।कुछ अफ्रीकी देशों में भी धार्मिक असहिष्णुता और कट्टरपंथ के कारण मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव होता है। भारत के विशेष संदर्भ में देखें तो भारत में इस्लामोफोबिया एक जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जो ऐतिहासिक, सांप्रदायिक और राजनीतिक कारणों से उत्पन्न हुआ है। सच्चर समिति की रिपोर्ट (2006) के अनुसार, मुसलमानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति काफी पिछड़ी हुई है, और उन्हें मुख्यधारा में शामिल होने में कठिनाई होती है। हालाँकि कई मामलों में, भारत में इस्लामोफोबिया की धारणा एक भ्रांति है जब इसे दैनिक बातचीत और अस्तित्व के संदर्भ में देखा जाता है। कुछ असंतुष्ट आवाज़ों द्वारा कलह फैलाने के प्रयासों के बावजूद, प्रेम, सम्मान और एकजुटता के कई कार्य देश के ताने-बाने को मज़बूत करते रहते हैं। एक संस्कृति जो एक-दूसरे के लिए सम्मान को महत्व देती है, वह किसी भी स्रोत से नफ़रत बर्दाश्त नहीं कर सकती। हमें एकजुट करने वाली जबरदस्त अच्छाई को पहचानना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि अपनी खामियों को स्वीकार करना और उन्हें ठीक करना। भारत की ताकत इसकी संस्कृतियों और धर्मों का सामंजस्य है।

बड़ी वास्तविकता सम्मान और सह-अस्तित्व की है, इस तथ्य के बावजूद कि कुछ लोग अपने स्वार्थों को आगे बढ़ाने के लिए धर्म का उपयोग कर सकते हैं। इस्लामोफोबिया सहित किसी भी तरह की व्यवस्थित नफ़रत भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। बल्कि, हिंदू-मुस्लिम एकता की कहानियाँ जो हमें एक बेहतर, अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए प्रेरित करती हैं, वे इस देश की धड़कन हैं। हिंदू-मुस्लिम एकता की कई कहानियाँ दर्शाती हैं कि मानवता धार्मिक सीमाओं से परे है। वाराणसी की दिल को छू लेने वाली कहानी पर विचार करें, जहाँ मुस्लिम पुरुषों के एक समूह ने हिंदू अंतिम संस्कार की सभी रीति-रिवाजों का पालन करते हुए एक युवा हिंदू लड़की का दाह संस्कार किया। या कानपुर के मुसलमानों के प्रयासों पर विचार करें जिन्होंने शिवरात्रि पर मंदिर जाने वाले भक्तों को दूध और फल उपलब्ध कराए। दयालुता के ऐसे कार्य असामान्य नहीं हैं। मेरठ में एक 42 वर्षीय मुस्लिम महिला हर दिन हनुमान चालीसा का पाठ करती है, यह अभ्यास उसने कॉलेज में शुरू किया था। असम में एक मुस्लिम परिवार ने पीढ़ियों से 500 साल पुराने शिव मंदिर की देखभाल की है, और मेरठ में एक मस्जिद ने अपने परिसर का उपयोग हिंदू मंदिर के भंडारे के लिए भोजन पकाने के लिए किया है। भारतीय लगातार धार्मिक बाधाओं को पार करते हैं, चाहे वह कांवड़ यात्रियों का समर्थन करने वाले मुसलमान हों या रमजान के दौरान उपवास करने वाले हिंदू। ये उदाहरण केवल किस्से नहीं हैं; वे भारत के गहरे सांस्कृतिक लोकाचार को दर्शाते हैं। यह दर्शाता है कि कैसे भारतीय, अपने धर्म की परवाह किए बिना, सभी धर्मों का पालन करने के अधिकार को बहुत महत्व देते हैं और इस बात पर जोर देते हैं कि अन्य धर्मों का सम्मान करना "वास्तव में भारतीय" होने के लिए आवश्यक है। कठिनाइयाँ हैं, यह सच है। भारत में भी सभी समाजों की तरह ही ऐसे लोग और संगठन हैं जो कलह से लाभ उठाते हैं। चाहे कोई भी देश या परिस्थिति हो, नफरत कहीं भी प्रकट हो सकती है, क्योंकि सांप्रदायिक हिंसा की छिटपुट घटनाएं एक गंभीर चेतावनी के रूप में काम करती हैं। हालाँकि, इन घटनाओं को किसी विशेष समुदाय की व्यवस्थित अस्वीकृति या व्यापक इस्लामोफोबिया के लिए जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है। इस्लामोफोबिया न केवल मुसलमानों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए एक चुनौती है। इसे समाप्त करने के लिए शिक्षा, संवाद, और सहिष्णुता को बढ़ावा देना आवश्यक है। दुनिया को एक ऐसा समाज बनाना होगा जहां हर धर्म और संस्कृति को समान रूप से सम्मान मिले।

# शब-ए-बारात



शब-ए-बारात शाबान के महीने में मनाया जाता है। बता दें, कि शाबान इस्लामिक कैलेंडर का आठवां महीना है, जिसकी 14वीं और 15वीं दरमियानी रात को मुसलमान शब-ए- बरात का त्योहार मनाते हैं। यानी इस साल 2025, में 13 फरवरी को शब-ए- बरात का त्यौहार मनाया जाएगा। चलिए जानते हैं इसकी फजीलत क्या है? इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग क्या करते हैं? शब- ए- बारात के मौके पर दिन में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं और गरीबों में बांटे जाते हैं।

रात में लोग पूरी रात जागकर अल्लाह की इबादत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। पुरुष मस्जिद में नमाज अदा करते हैं, जबकि महिलाएं घर में नमाज़ पढ़ती हैं। इसके अलावा, शब-ए- बारात की रात लोग अपने पूर्वजों की कब्रों पर जाकर उनकी मगफिरत की दुआ मांगते हैं। अगले दिन रोजा रखा जाता है, हालांकि यह फर्ज रोजा नहीं होता है, इसे नफिल रोजा कहा जाता है। यानी इसे व्यक्ति अपनी इच्छा के मुताबिक रख सकता है। वहीं, जिन लोगों के रमजान का रोजा पूरा नहीं होता है, यह रोजा नहीं रखनी चाहिए।

शब-ए-बारात से जुड़ी कई तरह की मान्यताएं हैं। शिया और सुन्नी मुसलमान इसे अलग-अलग मान्यताओं से जोड़ते हैं। सुन्नी मुसलमान का मानना होता है कि इसी दिन अल्लाह के नूर के संदूक को बाढ़ से बचाया गया था। वहीं, शिया मुसलमान का मानना है कि 12वें इमाम मोहम्मद-अल-महदी की पैदाइश 15 शाबान को हुई थी, इसलिए शब- ए- बरात मनाया जाता है। वहीं, कुछ हदीस में यह भी लिखा गया है कि पैगंबर मोहम्मद को शाबान की 15वीं तारीख में जन्नतुल बकी का दौरा करते देखा गया था। शब-ए-बारात मनाने के तरीके, पूरे साल इंतजार करने के बाद यह मुबारक रात मुसलमानों को नसीब होती है। इस रात की अहमियत इतनी ज्यादा है कि इसे हजार महीनों से बेहतर कहा गया है।

यानी इस एक रात की इबादत का सवाब 83 साल 4 महीने की इबादत के बराबर होता है। इस्लाम धर्म में शब-ए-बारात को बेहद खास और बरकतों वाली रात मानी जाती है। यही वह रात है जब फरिश्ते जमीन पर उतरते हैं, रहमतों की बारिश होती है और अल्लाह अपने बंदों की दुआएं कबूल करता है। इस साल शब-ए-कद्र की रात 13 फरवरी से 14 फरवरी को रहेगी। तो आइए इस लेख में जानते हैं कि आप इस रात नफिल नमाज कैसे अदा कर सकते हैं।

इस्लाम धर्म के लोगों के लिए यह बहुत मुबारक रात है। इस रात में अल्लाह अपने बंदों की हर दुआ सुनता है और बंदों को हिदायत देते हैं। इसलिए इस रात इस रात ज्यादा से ज्यादा नफ्ली नमाज और कुरान शरीफ की तिलावत की जाती है। साथ ही कोशिश करें इस रात ज्यादा से ज्यादा जकात और सदका दें और जरूरतमंद की मदद करें।

### शब-ए-बारात की नफिल नमाज कैसे अदा करें

इस रात को विशेष नफ्ल नमाजें अदा की जाती हैं। कुछ लोग 6 रकात, 12 रकात या 100 रकात नमाज पढ़ते हैं। तहज्जुद की नमाज का भी बहुत जरूरी होता है और इस रात को कुरान शरीफ की तिलावत करना सवाब होता है। यह रात अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगने के लिए सबसे खास मानी जाती है। दुआ में अपने और अपने परिवार के लिए रहमत और बरकत की अरदास की जाती है। बहुत से लोग इस रात अपनों की कब्र पर जाते हैं और उनके लिए मगफिरत की दुआ करते हैं। कई लोग अगले दिन यानी 15वीं शाबान को रोज़ा रखते हैं, जो काफी अच्छा माना जाता है। जरूरतमंदों को खाना खिलाना, गरीबों की मदद करना और जकात देना इस रात को और भी फलदायी बनाता है।

## संस्मरण


# हवा के शहर में

सुबह जल्दी उठ गया। होटल से बाहर आया तो पास ही चाय वाली दुकान में चहल पहल थी। सोचा चाय पी लूं। चाय वाले बूढ़े काला सूट पहने थे और फ़्लैट हैट लगा रखी थी। इस हुलिये में उनका चाय बनाना और लोगों को चाय देना मुझे कुछ अजीब लगा। चाय के साथ लोग, वही गज़ भर लंबी, रोटी के टुकड़े और सूखा पनीर खा रहे थे। मैं भी एक चाय लेकर बैठ गया। एक दो लोग बात करने की कोशिश करने लगे। कुछ बातें हुई भी लेकिन कुछ निकला नहीं। यह देखकर कुछ अजीब सा लगा कि चाय वाले सज्जन ग्राहकों के खाने से बचे रोटी और पनीर सहेजते जा रहे हैं। निश्चित ही यह वह दूसरों को देते होंगे। शायद इनके समाज में 'झूठा' आदि की परिकल्पना नहीं है।

चाय पीकर मुसद्दिक की दुकान गया तो वह बंद थी। सोचा घूम लूं घूमते हुए ख्याल आया कि नाई की दुकान में जाकर दाढ़ी कतरवा ली जाये। नाई की दुकान बहुत साफ़ सुथरी और आधुनिक थी। दस हज़ार रियाल यानी पचास रुपये में दाढ़ी बाल तरशवा कर बाहर आया। मुसद्दिक की दुकान अब भी बंद थी ओर मैं बिना ई-मेल चेक किए बाकू जाना नहीं चाहता था क्योंकि पता नहीं ललित जी वहां हैं या नहीं हैं। कस्बे की सड़कों पर इधर घूमता रहा। ताज़ा फ़लों और सूखे फ़लों की दुकानें, रोटी की दुकाने, बेकरी की दुकानें, दीगर समान ओर अच्छा मंहगा सामान भरा पड़ा था। तीस-पैंतीस हज़ार आबादी वाले इस कस्बे से मैं काफ़ी प्रभावित हुआ। साफ़ सुथरी सड़कें, चौराहों पर ट्रैफ़िक लाइटें, जेबरा लाइनें, नो पार्किंग के बोर्ड, टेलीफ़ोन बूथ, किताबों की कई दुकानें, इंटरनेट की सुविधा, टैक्सी स्टैण्ड, घंटाघर ओर सब से बड़ी बात यह कि स्वस्थ, तन्दुरुस्त और खुशहाल लगने वाले लोग।


ललित जी के दो ई-मेल आये थे। मैंने पहला खोला और पढ़ा। उन्होंने लिखा था कि वे बाकू में ही हैं, मैं आ जाऊं। दूसरा ई-मेल खोलकर पढ़ने की तकलीफ़ मैंने नहीं उठायी। जबकि महत्वपूर्ण जानकारियां दूसरे ई-मेल में थी जिनके न होने के कारण बाकू में मुझे खासा झेलना पड़ा। होटल से सामान लेकर बार्डर चेक पोस्ट पर आये। यहां ईरानी-कस्टम और एमीग्रेशन के कार्यालय हैं। अधिकतर काम औरतें कर रही थीं। करबी तीन घण्टे बाद यहां से छुट्टी मिली। आगे बढ़े इमारत के बाद एक छोटी सी नदी के इस तरफ़ ईरानी पुलिस की चौकी थी और उस तरफ़ आज़रबाइजान की पुलिस पोस्ट थी।

आजरबाइजान कस्टम एमीग्रेशन में गया। अधिकारियों ने देखा, पीठ पर बड़ा-सा बैकपैक उठाये, कंधे पर कैमरा टांगे एक अधेड़ उम्र अजनबी आदमी खड़ा है। मुझसे प्रतीक्षा करने को कहा गया। सब लोग निकल गये। मेरी बारी आयी। मैं केबिन में गया। सामने जो आज़री अधिकारी बैठा था उसके चेहरे पर लिखा था 'मैं घूसखोर हूं'। उसे मुझे दिखाकर अंगूठा बड़ी उंगली पर मसला और कहा- 'टेन डॉलर'।



## आस्था

# फाल्गुन माह आज से शुरू



फाल्गुन माह हिंदू पंचांग का अंतिम महीना है, जो इस साल 13 फरवरी यानी आज 2025, गुरुवार से शुरू होकर 14 मार्च 2025, शुक्रवार तक रहेगा. इस माह में कई प्रमुख त्योहार और व्रत आते हैं, इन त्योहारों के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ और सामाजिक उत्सवों का आयोजन किया जाता है, जो भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखते हैं. ऋषि-मुनियों के अनुसार, फाल्गुन माह में की गई शिव, विष्णु और कृष्ण की पूजा से व्यक्ति के पाप समाप्त होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है. आइए जानते हैं इस माह में कौन-कौन से प्रमुख त्योहार आते हैं.धार्मिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन मास में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने का विशेष महत्व है. इस महीने भगवान कृष्ण की सच्चे मन से आराधना करने से मनुष्य की सभी इच्छाएं पूर्ण हो जाती है. संतान सुख की प्राप्ति के लिए बाल गोपाल की पूजा करनी चाहिए. फाल्गुन माह में भगवान शिव की पूजा का भी विशेष महत्व है. इस माह में महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है, जो भगवान शिव को समर्पित है. इस दिन भक्त व्रत रखते हैं और शिवलिंग पर जल, बेलपत्र और भस्म चढ़ाकर शिव की आराधना करते हैं. फाल्गुन माह हिंदू पंचांग का अंतिम माह है और इसे बहुत ही पवित्र माना जाता है. इस माह में प्रकृति में बदलाव होता है और मौसम सुहावना रहता है. फाल्गुन माह में कई शुभ कार्य किए जाते हैं, जैसे कि विवाह, गृह प्रवेश और नए व्यापार की शुरुआत की जाती है. फाल्गुन माह में दान करने का विशेष महत्व होता है. इस माह में गरीबों और जरूरतमंदों को दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है. साथ ही इस माह में गंगा स्नान का भी विशेष महत्व है.

## ज्ञान

# भारत-फ्रांस एक दूसरे से क्या-क्या मंगाते हैं?

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय दौरे पर फ्रांस में हैं. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उनका जोरदार स्वागत किया है. एआई समिट की सह अध्यक्षता करने के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी होगी, जिसमें कई रक्षा समझौतों पर सहमति बन सकती है. फ्रांस से भारत पहले ही फाइटर प्लेन राफेल आयात कर रहा है. इसके अलावा अब नौसेना के लिए फाइटर प्लेन राफेल एम की खरीद पर मुहर लग सकती है. भारत और फ्रांस एक-दूसरे से क्या-क्या मंगाते हैं? दरअसल, साल 1998 से ही भारत-फ्रांस की दोस्ती कूटनीतिक और रक्षा क्षेत्र में काफी मजबूत हुई है.

वैसे तो भारत की आजादी के बाद यूरोपीय देशों में ब्रिटेन चार दशकों तक भारत का सबसे करीबी साझेदार था. इसके बाद रूस भारत का सबसे बड़ा मित्र बनकर सामने आया पर यूरोपीय देशों में अब फ्रांस इसका सबसे मजबूत साझेदार बन चुका है. साल 1998 में जब भारत ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु बमों का परीक्षण किया था, तब अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों ने भी नाराजगी जताई थी. भारत पर इस परीक्षण को लेकर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए थे. इसके बावजूद फ्रांस इन देशों के समूह में शामिल नहीं हुआ था.

इसके विपरीत फ्रांस ने भारत के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों को जल्द से जल्द हटाने में मदद की थी. भारत फ्रांस से अपनी नौसेना के लिए राफेल जेट खरीद चुका है, जिससे कई दुश्मन देशों की नींद उड़ी हुई है. फ्रांस से खरीदे गए मिराज 2000 फाइटर जेट ने कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए थे. फिलहाल भारत के पास मिराज ही ऐसा फाइटर जेल है, जो परमाणु बम गिराने में सक्षम है. साल 1998 में परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद फ्रांस ने ही भारत को अपनी परमाणु क्षमता संपन्न पृथ्वी मिसाइल के लिए इनर्शल नेविगेशन सिस्टम दिया था. अब तो भारत के साथ मिलकर फ्रांस फाइटर जेट बनाने की दिशा में भी कदम बढ़ा चुका है.

# सुंदर फूलों वाला एक वृक्ष

**डॉ दीपक कोहली**

बुरांस सुन्दर फूलों वाला एक वृक्ष है। बुरांस का पेड़ उत्तराखंड का राज्य वृक्ष है, तथा नेपाल में बुरांस के फूल को राष्ट्रीय फूल घोषित किया गया है। गर्मियों के दिनों में ऊंची पहाड़ियों पर खिलने वाले बुरांस के सूर्ख फूलों से पहाड़ियां भर जाती हैं। हिमाचल प्रदेश में भी यह पैदा होता है। बुरांस हिमालयी क्षेत्रों में 1500 से 3600 मीटर की मध्यम ऊंचाई पर पाया जाने वाला सदाबहार वृक्ष है। बुरांस के पेड़ों पर मार्च-अप्रैल माह में लाल सूर्ख रंग के फूल खिलते हैं। बुरांस के फूलों का इस्तेमाल दवाइयों में किया जाता है, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों को यथावत रखने में बुरांस महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बुरांस के फूलों से बना शरबत हृदय-रोगियों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। बुरांस के फूलों की चटनी और शरबत बनाया जाता है, वहीं इसकी लकड़ी का उपयोग कृषि यंत्रों के हैंडल बनाने में किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी वृद्ध लोग बुरांश के मौसम् के समय घरों में बुरांस की चटनी बनवाना नहीं भूलते। बुरांस की चटनी ग्रामीण क्षेत्रों में काफी पसंद की जाती है।

भारत विश्व की लगभग 87 प्रजातियां, 10 उप प्रजातियां तथा 14 किस्मों का प्रतिनिधित्व करता है जो कि उच्च हिमालयी राज्यों के जंगलों में अधिक मात्रा में पायी जाती हैं। आज इन्ही हिमालयी क्षेत्रों में बुरांश की कुछ प्रजातियां चीन, जापान, म्यामांर, थाईलैण्ड, मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलीपीन्स तथा न्यू गुनिया आदि देशों तक फैल चुकी है। बुरांश की कुछ प्रजातियां, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, दक्षिणी यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका में और इसके अलावा दो प्रजातियां आस्ट्रेलिया में पायी जाती हैं। भारत में पायी जाने वाली कुल 87 प्रजातियों में से 12 प्रजातियां उत्तराखण्ड में पायी जाती हैं जिनमे चार प्रजातियां, रोडोडेंड्रोन बारबेटम, रोडोडेंड्रोन केम्पानुलेटम, रोडोडेंड्रोन एरबोरियम तथा रोडोडेंड्रोन लेपिडोटम प्रमुख हैं। जबकि 75 प्रजातियां अरूणाचल प्रदेश में पायी जाती हैं।

बुरांस को सबसे पहले 1650 में ब्रिटिश में उगाया गया था जो बुरांश की एक प्रजाति रोडोडेंड्रोन हिरसुटम थी इसके बाद 1780 में साइबेरिया ने रोडोडेंड्रोन डाउरिकम और 1976 में रोडोडेंड्रोन चिराइसेंथम इसके इतिहास में वर्णित है। रोडोडेंड्रोन आरबोरियम पहली प्रजाति है जिसकी 1796 में श्रीनगर में खोज तथा पहचान की गयी। एक प्रसिद्ध बोटनिस्ट जोसेफ डी0 हूकर (1817-1911) द्वारा एक यात्रा की गयी जिसमें उनके द्वारा नेपाल से लेकर उत्तरी भारत तक बुरांश की सही जानकारी दी गयी।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं




❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080



**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# महेश नागुलवार का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस







> शहीद सैनिक महेश नागुलवार को राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई...
> सह-अभिभावक मंत्री एडवोकेट आशीष जायसवाल की परिवार के प्रति संवेदना...

**गढ़चिरोली.**

"नक्सल मुक्त भारत के अभियान में राष्ट्र के लिए महेश नागुलवार द्वारा दिए गए बलिदान को हम कभी नहीं भूलेंगे, और उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा," मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शहीद सी-60 कमांडो महेश नागुलवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सी-60 के जवानों ने भामरागढ़ तालुका के फुलनार जंगल क्षेत्र में माओवादियों के खिलाफ एक बड़े अभियान में एक नक्सली शिविर को नष्ट कर दिया। हालांकि इस ऑपरेशन के दौरान महेश नागुलवार को गोली लग गई और कल इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी बहादुरी को देखते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने राज्य सरकार की ओर से परिवार को 2 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता और विभिन्न लाभ देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक से सीधे बातचीत की और पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने ट्विटर पर अपने संदेश में स्पष्ट किया, "महाराष्ट्र पुलिस बल और हम सभी नागुलवार के परिवार के साथ हैं।"

माओवादियों के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए शहीद हुए सी-60 कमांडो महेश नागुलवार का आज उनके गांव अनखोडा (चामोर्शी तालुका) में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर सह संरक्षक मंत्री एडवोकेट. आशीष जायसवाल ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिवार को सांत्वना दी।

इस मौके पर पुलिस टीम ने अपनी बंदूकें चलाकर शहीद सैनिक को सलामी दी। इस दौरान विधायक डॉ.मिलिंद नरोटे, जिला पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### पुलिस मुख्यालय में सलामी...

इससे पहले आज सुबह गढ़चिरौली पुलिस मुख्यालय में शहीद महेश नागुलवार को पुलिस सलामी भी दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (विशेष अभियान) राजकुमार व्हटकर, जिला कलेक्टर अविश्यंत पंडा, नक्सल विरोधी अभियान के विशेष पुलिस महानिरीक्षक संदीप पाटिल, पुलिस उप महानिरीक्षक अंकित गोयल, पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल के साथ ही सीआरपीएफ के पुलिस अधीक्षक सुमित वर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### नक्सल विरोधी अभियान में वीरगति...

सी-60 जवानों ने भामरागढ़ तालुका के फुलनार जंगल क्षेत्र में एक नक्सली शिविर को नष्ट करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। हालांकि इस ऑपरेशन के दौरान महेश नागुलवार को गोली लग गई। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके परिवार में उनकी मां, पत्नी और दो बेटियां हैं।

# जिले में 15 दिन के लिए जमाबंदी आदेश लागू

**गढ़चिरोली.**

उच्चतर माध्यमिक प्रमाणपत्र परीक्षा कक्षा 12 11 फरवरी, 2025 से शुरू होगी और माध्यमिक प्रमाणपत्र परीक्षा कक्षा 10 21 फरवरी, 2025 से शुरू होगी, 19 फरवरी 2025 को जिले में सर्वत्र शिव जयंती महोत्सव मनाया जाएगा, साथ ही, कुछ विभिन्न राजनीतिक दल, संगठन और अन्य नागरिकों द्वारा सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए धरना, मार्च, विरोध प्रदर्शन, बैठकें, जुलूस, सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने की संभावना है, इसलिए इस अवधि के दौरान कोई अनुचित घटना नहीं होनी चाहिए और कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए, 10.02.2025 के 00.01बजे से लेकर 24.02.2025 को 24.00 बजे तक पूरे गढ़चिरौली जिले में जमा बंदी आदेश लगाया गया है।

महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 37 (1)(3) को आज से लागू किया गया है। इसलिए, इस अवधि के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ गतिविधियों पर रोक लगाना और अव्यवस्था को रोकने के उपाय करना आवश्यक है। इस प्रयोजन के लिए, जिला मजिस्ट्रेट, गढ़चिरौली ने महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 37 (1) और (3) के तहत उनमें निहित शक्तियों के तहत, दिनांक 10.02.2025 को 00.01 बजे एक अधिसूचना जारी की है। इस अवधि के दौरान दिनांक 24.02.2025 से 24.00 बजे तक निम्नलिखित कार्य निषिद्ध रहेंगे।

हथियार, लाठी, तलवार, भाले, डंडे, बन्दूक, चाकू, डंडे या अन्य कोई वस्तु ले जाना प्रतिबंधित है, जिसका उपयोग शारीरिक क्षति पहुंचाने के लिए किया जा सकता हो, कोई आग लगाने वाला या विस्फोटक पदार्थ ले जाना, पत्थर या अन्य मिसाइल या मिसाइल छोड़ने या फेंकने के लिए उपकरण या औजार रखना, उनका संचय करना या निर्माण करना प्रतिबंधित है। प्रदर्शित करना, सार्वजनिक रूप से घोषणा करना, गाना, भावुक भाषण देना, इशारे करना, या कोई भी उपस्थिति देना, या ऐसी कोई भी तस्वीर, संकेत, तख्तियां, या कोई अन्य वस्तु या चीज बनाना, या ऐसी कोई भी तस्वीर, संकेत, या कोई अन्य वस्तु या चीज बनाना, या ऐसी कोई भी सार्वजनिक घोषणाएं, गीत, या ऐसी कोई भी सार्वजनिक घोषणाएं, गीत, ऐसी कोई भी सार्वजनिक घोषणाएं गीत बनाना, ऐसी कोई भी सार्वजनिक घोषणाएं करना, उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, कार्यकारी मजिस्ट्रेट या संबंधित पुलिस स्टेशन अधिकारी (जैसा भी मामला हो) की पूर्व अनुमति के बिना, 10.02.2025 को 00.01 बजे से सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक स्थान पर सार्वजनिक सड़क पर पांच या अधिक व्यक्तियों के साथ जुलूस नहीं निकालेगा।

# पुरानी भूमिगत सीवर योजना का विकास सेना ने किया गया अंतिम संस्कार

## > जन विकास सेना का प्रतीकात्मक आंदोलन

**चंद्रपुर.**

जन विकास सेना ने आज पुरानी भूमिगत सीवरेज योजना का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया, जिसे पंद्रह साल पहले पूरे चंद्रपुर शहर में बिछाया गया था। आज दोपहर दो बजे जटपुरा गेट के पास जनार्दन मेडिकल के सामने नगर निगम द्वारा खोदे गए गड्ढे में अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद पुरानी भूमिगत सीवर योजना को श्रद्धांजलि देने के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।



**राजनीतिक नेताओं के वेश में 'स्वामीयों का स्वामी' कौन है ?**

जन विकास सेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि चंद्रपुर नगर निगम को लूटने वाला आयुक्त 'आका' है और उसे बचाने वाला 'आका का आका' है। भूमिगत सीवरेज परियोजना के प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार में मुख्य रूप से जन विकास सेना के कार्यकर्ता शामिल हुए थे, जिनके सीने पर 'आका, नगर आयुक्त', आका का आका चंद्रपुर, आका का आका जिलाधिकारी कार्यालय, आका का आका मंत्रालय' लिखी तख्तियां थीं।

जन विकास सेना ने अप्रत्यक्ष रूप से सूट बूट में प्रतीकात्मक जिलाधिकारी और उनके बगल में मंत्रालय के सचिव को प्रशासनिक आका के आका रूप में भूमिका स्पष्ट की। लेकिन राजनीतिक नेताओं की पोशाक पहने दोनों लोगों ने अपनी छाती पर तख्तियां लगा रखी थीं जिन पर लिखा था 'आका का आका चंद्रपुर'। जन विकास ने जनप्रतिनिधियों पर नगर आयुक्त के भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाया था। लेकिन ये दो प्रतिनिधि कौन हैं जो प्रतीकात्मक रूप से अंतिम संस्कार में उपस्थित हैं ? हालाँकि, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है।

**पुरानी भूमिगत सीवर योजना की यादें ताज़ा**

पूर्व नगरसेवक एवं जन विकास सेना के संस्थापक अध्यक्ष पप्पू देशमुख ने प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार के दौरान अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस योजना से जुड़ी उनकी कई अच्छी और बुरी यादें हैं। इस योजना से तत्कालीन नगर निगम के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को बहुत लाभ हुआ। उनके परिवार सशक्त हुए। उनके परिवार को सहायता मिली। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना के लिए पूरे शहर की 5 से 6 वर्षों की अवधि में खुदाई की गई। बच्चों, वयस्कों और वरिष्ठ नागरिकों सभी को 5 से 6 वर्षों तक भारी कष्ट सहना पड़ा। श्वसन रोग, गर्दन और रीढ़ की हड्डी के रोगों में काफी वृद्धि हुई है। कई नागरिक स्थायी रूप से बीमार हो गये। चंद्रपुर शहर के लाखों लोगों के भारी त्याग के बाद इस योजना का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। नगर निगम के पिछले 10 वर्षों के बजट में कहा गया है कि घर-घर कनेक्शन के बाद इस योजना से सालाना 2 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। हालाँकि, अब जबकि 506 करोड़ रुपये की नई भूमिगत सीवर योजना पर काम शुरू हो गया है, जन विकास सेना ने पुरानी सीवर योजना का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर दिया है।

# भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा-जिला कलेक्टर ने दी चेतावनी...




**गढ़चिरोली.**

जिला कलेक्टर अविश्यंत पंडा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि आम नागरिकों को परेशान करने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आज भ्रष्टाचार निरोधक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निवासी उप कलेक्टर सुनील सूर्यवंशी, भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारी और भ्रष्टाचार निरोधक समिति के गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

भ्रष्टाचार उन्मूलन संबंधी समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भ्रष्टाचार निरोधक विभाग किसी दबाव में आए बिना भ्रष्टाचार में सहयोग करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

**भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश...**

बैठक में जिला कलेक्टर पंडा ने स्पष्ट किया कि यह झूठा आरोप कि कुछ अधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों का नाम लेकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को भ्रष्टाचार की घटनाओं पर स्वायत्तता से कार्रवाई करने की पूरी स्वतंत्रता है। इसलिए उन्हें किसी भी तरह के दबाव में आए बिना सख्त अभियान चलाना चाहिए और भ्रष्टाचार की घटनाओं के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई करनी चाहिए।

**शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें..**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार की शिकायतों को गम्भीरता से लेने तथा प्राप्त शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही करते हुए दोषियों को कानूनी रूप से दण्डित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि भ्रष्टाचार निरोधक विभाग प्रभावी कार्रवाई के लिए जाल बिछाए, भ्रष्ट अधिकारियों को रंगे हाथों पकड़े और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

**भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु ठोस कदम**

बैठक में जिले में भ्रष्टाचार उन्मूलन के उपायों पर चर्चा की गई। जिला कलेक्टर पांडा ने स्पष्ट किया कि प्रशासन भ्रष्टाचार से समझौता नहीं करेगा। यदि नागरिक भ्रष्टाचार की शिकायत करेंगे तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। जिला कलेक्टर पंडा ने इस बैठक में स्पष्ट संदेश दिया कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के मामले में प्रशासन का रुख कड़ा है और किसी को भी छूट नहीं दी जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पहले ही दिन जिलाधिकारी परीक्षा केंद्र पर

# नकलमुक्त अभियान के लिए 8 जिला स्तरीय उड़नदस्ते गठित



**चंद्रपुर.**

हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट कक्षा 12 की परीक्षा 11 फरवरी 2025 से शुरू हो गई है और यह परीक्षा जिले के कुल 87 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस समय जिलाधिकारी गौड़ा ने कहा कि, परीक्षा केंद्र क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे चालू रहने चाहिए. परीक्षा से संबंधित व्यक्ति के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को कॉलेज परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्येक पेपर शुरू होने से पहले प्रवेश द्वार पर छात्रों की उचित जांच की जानी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कॉलेज परिसर में जेरॉक्स सेंटर बंद रहें। परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसका ख्याल रखा जायेगा. इस समय केन्द्र संचालक महेश मालेकर, उप केन्द्र संचालक राहुल मानकर एवं डी.एस. मोहुर्ले और अन्य उपस्थित थे। कक्षा 12 की परीक्षा 11 फरवरी से 11 मार्च तक और कक्षा 10 की परीक्षा 21 फरवरी से 17 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी। चंद्रपुर जिले में 12वीं कक्षा के कुल 28303 परीक्षार्थी हैं. इस प्रकार 10वीं कक्षा के कुल परीक्षार्थियों की संख्या 28174 है. जिले में 12वीं कक्षा के लिए 87 परीक्षा केंद्र और 10वीं कक्षा के लिए 125 परीक्षा केंद्र हैं। नकल विहीन परीक्षा के लिए जिला स्तर पर 8 भरारी टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 3 सदस्यों की एक मीटिंग टीम भी रखी गई है. संवेदनशील परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी से निगरानी की जायेगी. इसके साथ ही परीक्षा में कार्यरत पर्यवेक्षकों, शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों आदि के लिए पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है. समूचे जिले में नकल विहीन परीक्षा के लिए जिलाधिकारी ने कड़े कदम उठाए हैं.

# शांताराम पोटदुखे विधि महाविद्यालय में आहार और पोषण पर व्याख्यान संपन्न



**चंद्रपुर.**

स्थानीय शांताराम पोटदुखे विधि महाविद्यालय में 12 फरवरी 2025 को प्रसिद्ध आहार विशेषज्ञ डॉ. अंकिता चौधरी का "आहार और पोषण" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऐजाज शेख ने की। मंच पर पदव्युत्तर विभाग प्रमुख डॉ. पंकज काकडे, इतिहास विभाग प्रमुख डॉ. पूर्णेंदू कुमार कार, राष्ट्रीय सेवा योजना (रा. से. यो.) विभाग प्रमुख डॉ. सरोज कुमार दत्ता, आहार एवं पोषण क्लब के संजय चांदेकर तथा संगणक विभाग प्रमुख की प्रमुख उपस्थिति रही।

डॉ. अंकिता चौधरी ने पोषण युक्त आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फास्ट फूड के जाल में उलझे लोगों को संतुलित आहार के महत्व से अवगत कराना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. पंकज काकडे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आज के दौर में संतुलित आहार को अपनाना सभी के लिए आवश्यक हो गया है। वहीं, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऐजाज शेख ने कहा कि व्यस्त जीवनशैली के बीच सही आहार अपनाने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरोज कुमार दत्ता ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन एडवोकेट प्रिया पाटिल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।





# भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से हराया

**अहमदाबाद.** अहमदाबाद वनडे में भारतीय क्रिकेट टीम ने बड़ी जीत हासिल कर वनडे सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली. 14 सालों के बाद भारतीय टीम ने इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-0 से हराया है. अहमदाबाद वनडे में जीत के हीरो शुभमन गिल रहे, जिन्होंने 112 रनों की पारी खेली.भारतीय क्रिकेट टीम ने उम्मीद के मुताबिक इंग्लैंड को अहमदाबाद वनडे में भी हरा दिया. भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 356 रनों का विशाल स्कोर बनाया, जवाब में इंग्लैंड की टीम बड़े लक्ष्य के दबाव में बिखर गई. इंग्लैंड की टीम महज 214 रनों पर सिमट गई और उसे 142 रनों से हार का सामना करना पड़ा. इसके साथ ही भारतीय टीम ने इंग्लैंड का वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर दिया. इंग्लैंड को उसने नागपुर और कटक वनडे में भी एक तरफा अंदाज में हराया था. बता दें पूरे 14 सालों के बाद भारत ने इंग्लैंड का वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप किया है. गिल-अय्यर ने रखी जीत की नींव: टीम इंडिया की जीत के हीरो शुभमन गिल रहे, जिन्होंने अपने वनडे करियर का 7वां शतक लगाया. गिल के बल्ले से 112 रन निकले और उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और 3 छक्के लगाए. गिल के अलावा श्रेयस अय्यर ने 78 रनों की पारी खेली, वहीं विराट कोहली ने भी 52 रन बनाए. विराट कोहली ने 451 दिनों के बाद वनडे क्रिकेट में अर्धशतक जमाया. भारतीय टीम के लिए सभी गेंदबाजों को कामयाबी मिली. अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले. वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट.



**शुभमन गिल के बहुमूल्य 112 रन**

भारत ने 35वें ओवर में तीसरा विकेट गंवाया। यहां शुभमन गिल 112 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आदिल रशीद ने बोल्ड किया। आदिल ने विराट कोहली (52 रन) को भी पवेलियन भेजा।

पावरप्ले-2 मिलाजुला रहा। मिडिल ओवर के इस फेज में भारतीय टीम ने 223 रन बनाए, जबकि इंग्लिश गेंदबाजों को 3 विकेट मिले।

39वें ओवर में आदिल रशीद ने श्रेयस अय्यर को आउट करके इंग्लैंड को मिडिल ओवर में वापस ला दिया। 39वें ओवर में भारतीय टीम ने चौथा विकेट गंवा दिया है। यहां श्रेयस अय्यर 78 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आदिल रशीद ने विकेटकीपर फिल सॉल्ट के हाथों कैच कराया। उन्होंने शुभमन गिल (112 रन) और विराट कोहली (52 रन) के भी विकेट लिए। बुरी तरह फेल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज, इंग्लैंड की हार की बड़ी वजह उसके बल्लेबाज रहे. फिल सॉल्ट, बेन डकेट, टॉम बैंटन, जो रूट, हैरी ब्रूक सबको शुरुआत अच्छी मिली लेकिन कोई बड़ी पारी खेलने की जहमत नहीं उठा सका. टॉप ऑर्डर के पांच बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रन बैंटन ने बनाए. उनके बल्ले से 38 रन निकले. डकेट ने 34, सॉल्ट ने 23, रूट ने 24 रन बनाए. हैरी ब्रूक के बल्ले से 19 रन निकले. कप्तान बटलर सिर्फ 6 ही रन बना सके और लिविंगस्टन ने 23 गेंदों में सिर्फ 9 ही रन बनाए. अपनी बल्लेबाजी की वजह से ही इंग्लैंड की टीम टी20 सीरीज भी हारी थी, वहां उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था.

## केरल ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी से रणजी सेमीफाइनल में बनाई जगह

**पुणे.** केरल ने धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश करते हुए बुधवार को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच ड्रॉ कराया और पहली पारी में एक रन की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

केरल के सामने 399 रन का मुश्किल लक्ष्य था लेकिन उसके बल्लेबाजों ने पूरे धैर्य के साथ बल्लेबाजी करके जम्मू कश्मीर को पांचवें और आखिरी दिन जीत हासिल नहीं करने दी। केरल ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 295 रन बनाए। जम्मू-कश्मीर ने अपनी पहली पारी में 280 रन बनाए थे जिसके जवाब में केरल ने 281 रन बनाकर एक रन की बढ़त हासिल की जो आखिर में निर्णायक साबित हुई। जम्मू कश्मीर ने अपनी दूसरी पारी नौ विकेट पर 399 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मैच ड्रा करने में केरल के बल्लेबाज सलमान निजार (162 गेंद पर नाबाद 44) और मोहम्मद अजहरूद्दीन (118 गेंद पर नाबाद 67) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन दोनों ने लगभग 43 ओवर का सामना करके सातवें विकेट के लिए 115 रन की अटूट साझेदारी की। सलमान निजार को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह दो विकेट पर 100 रन से अपनी दूसरी पारी आगे बढ़ाने वाले केरल के लिए इन दोनों की यह साझेदारी मैच को ड्रॉ कराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। केरल 17 फरवरी से शुरू होने वाले सेमीफाइनल मैच में पूर्व चैंपियन गुजरात का सामना करेगा। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि केरल ने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे पहले वह 2018-19 में अंतिम चार में पहुंचा था जहां उसे विदर्भ ने पारी और 11 रन से हराया था। विदर्भ तब चैंपियन बना था।



## आईपीएल 2025
## बड़े बदलाव और शेड्यूल के इंतजार में फैंस



**नई दिल्ली.**

आईपीएल के 18वें सीजन का आगाज 21 मार्च से हो रहा है. हालांकि, अब तक पूरे सीजन का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है. क्रिकेट फैंस बेसब्री से पूरे शेड्यूल का इंतजार कर रहे हैं. बीसीसीआई अगले हफ्ते लीग का पूरा शेड्यूल जारी करेगा. आईपीएल का शेड्यूल चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से पहले जारी कर दिया जाएगा. ऐसा माना जा रहा है आईपीएल का आगाज 21 मार्च को होगा, तो फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा. वहीं, इस बार आईपीएल सीजन में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है.

दरअसल, इस सीजन से आईसीसी के आचार संहिता के नियमों को लागू किया जा सकता है. इस नियम के लागू होने के बाद आईपीएल टीमों को आईसीसी के आचार संहिता के नियमों का पालन करना होगा. इससे पहले आईपीएल के अपने नियम होते थे. हालांकि, अब इस टूर्नामेंट में आईसीसी के नियमों का पालन किया जाएगा. इसके अलावा इस सीजन इम्पैक्ट प्लेयर रूल जारी रहेगा. दरअसल, पिछले सीजन इम्पैक्ट प्लेयर रूल पर काफी बवाल हुआ था. रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बड़े खिलाड़ियों ने इम्पैक्ट प्लेयर रूल के खिलाफ अपनी प्रतिक्रिया दी थी. बहरहाल, आईपीएल के 18वें सीजन में इम्पैक्ट प्लेयर रूल कायम रखा गया है. इससे पहले पिछले दिनों आईपीएल मेगा ऑक्शन 2025 का आयोजन हुआ था. इस मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे. लखनऊ सुपर जॉयंट्स ने ऋषभ पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था. इसके अलावा पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को 26.75 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा. जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स ने वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा था. बहरहाल, इस बार कोलकाता नाइट राइडर्स डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतरेगी. अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 बार टाइटल जीता. जबकि मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने रिकॉर्ड 5-5 बार खिताब अपने नाम किया है.

# कंगारू को लंका ने दी शिकस्त
## 49 रन से मात देकर 2 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली

**कोलंबो.**

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने कोलंबो में पहला वनडे मैच 49 रनों से गंवा दिया. बड़ी बात ये है कि ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ 214 रन चेज़ करने थे लेकिन ये टीम 165 रनों पर ढेर हो गई. ऑस्ट्रेलिया की टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले एक ऐसा मैच हारी है जिस पर यकीन कर पाना मुश्किल है. कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के सामने सिर्फ 215 रनों का लक्ष्य था लेकिन ये टीम इसके बावजूद 49 रनों से मैच हार गई. ऑस्ट्रेलिया की 33.5 ओवर में ही सिमट गई. इस टीम ने 165 रन ही बनाए. ऑस्ट्रेलिया की हार की स्क्रिप्ट श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका और महीश तीक्षणा ने लिखी. असलंका ने 127 रनों की पारी खेली वहीं तीक्षणा ने 4 विकेट हासिल किए.



कोलंबो की मुश्किल पिच पर श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही. इस टीम ने अपनी आधी टीम सिर्फ 55 रन पर गंवा दी थी. लेकिन इसके बाद कप्तान असालंका ने दुनिथ वेलालागे के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को 122 रनों तक पहुंचा दिया. वेलालागे मैथ्यू शॉर्ट की गेंद पर आउट हो गए और फिर श्रीलंका ने 135 रनों पर 8 विकेट गंवा दिए लेकिन असालंका क्रीज पर डटे रहे और उन्होंने कमाल सेंचुरी कर अपनी टीम को 200 के पार पहुंचाया.

बड़ी बात ये है कि उन्होंने एहसन मलिंगा के साथ मिलकर अर्धशतकीय साझेदारी की. 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मलिंगा ने 26 गेंदों में नाबाद 1 रन बनाया. श्रीलंका की टीम ने किसी तरह 214 रन बनाए, ऐसा लगा कि ऑस्ट्रेलिया की टीम आसानी से ये जीत हासिल कर लेगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं. ऑस्ट्रेलिया को भी कोलंबो की पिच पर बल्लेबाजी करना भारी पड़ गया.इस टीम ने 10वें ओवर तक 4 विकेट गंवा दिए जिसमें से एक विकेट स्टीव स्मिथ थे. स्मिथ 12 रन बनाकर आउट हो गए.

शॉर्ट तो खाता नहीं खोल पाए. जैक फ्रेजर मैगर्क ने 2 ही रन बनाए. कूपर कॉनोली ने 3 ही रन बनाए. लाबुशेन भी सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गए. उनका विकेट तीक्षणा ने ही लिया. तीक्षणा ने शॉन एबट, स्पेंसर जॉनसन को भी आउट कर अपनी टीम को जीत दिला दी. बड़ी बात ये है कि तीक्षणा ने अपने स्पेल के दौरान 7 वाइड फेंकी लेकिन इसके बावजूद वो चार विकेट लेकर टीम की जीत के हीरो बन गए.

## धवन ने लीजेंड-90 लीग में नाबाद 50 रनों की पारी खेली

**नई दिल्ली.** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन लीजेंड 90 लीग में बल्ले से आग बरसाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले मैच में बिग बॉयस के खिलाफ नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। 8 से 18 फरवरी तक चलने वाली इस लीग में शिखर के अलावा लेंडल सिमंस, थिसारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गप्टिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं। दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे धवन ने लीग का हिस्सा बनने पर खुशी जाते हुए कहा कि, "यह टूर्नामेंट रिटायर्ड खिलाड़ियों को एक बार फिर उसी रोमांच को जीने का मौका दे रहा है, जो कभी उनका हिस्सा हुआ करता था।" उन्होंने कहा कि, "लीग को बहुत अच्छे तरीके आयोजित किया गया है। शिखर ने कहा कि, " इस लीग का क्रेज बहुत जबरदस्त है और मुझे पूरा यकीन है कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों ही जगह दर्शकों से इसे भरपूर प्यार मिलने वाला है।


## एसजेएएन 25वां अंतर-प्रेस क्रिकेट कल से
### आज वितरित किये जाएंगे किट

**नागपुर.** खेल पत्रकार संघ (एसजेएएन) शालिनीताई मेघे अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (एसएमएचआरसी) के सहयोग से कल से 25वां अंतर-प्रेस आमंत्रण टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है यह टूर्नामेंट धनवटे नेशनल कॉलेज के वसंत नगर मैदान में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के इस रजत जयंती संस्करण में गत विजेता लोकमत, पिछले साल की उपविजेता पुण्यनगरी, सकाल, तरुण भारत, टाइम्स ऑफ इंडिया, लोकसत्ता, दैनिक भास्कर, नवभारत और देशोन्नति सहित नौ टीमें हिस्सा ले रही हैं। किट वितरण समारोह आज सुबह 9 बजे प्रेस क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष एसएमएचआरसी-एसजेएएन टूर्नामेंट को रायसोनी एजुकेशन, स्पोर्ट्स कर्मा, सारंगी फाउंडेशन ट्रस्ट, एमओआईएल और स्पोर्ट लिंक द्वारा समर्थित किया गया है। मैच रंगीन कपड़ों में और सफ़ेद विजडन गेंदों से खेले जाएँगे। मैच प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे शुरू होंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025: भारत का फाइनल स्क्वाड घोषित

**नई दिल्ली.** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत का फाइनल स्क्वाड घोषित हो चुका है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार था, लेकिन वो समय रहते फिट नहीं हो पाए हैं. अधिकांश उन्हीं खिलाड़ियों को चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वाड में रखा गया है, जो इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेले हैं. यहां जानिए टीम इंडिया में बल्लेबाजी से लेकर कितने स्पिन और कितने तेज गेंदबाजों को जगह दी गई है? भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे, वहीं हाल ही में शुभमन गिल को वनडे टीम का उपकप्तान घोषित किया गया था. रोहित और गिल संभवतः ओपनिंग करते दिखेंगे, लेकिन हाल ही में अपना वनडे डेब्यू करने वाले यशस्वी जायसवाल को स्क्वाड में प्रवेश नहीं मिला है. उनके अलावा बल्लेबाजी का भार विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत के कंधों पर भी होगा. बताते चलें कि ऋषभ पंत को बैक-अप विकेट कीपर के तौर पर देखा जा रहा है, ऐसे में केएल राहुल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए राहुल विकेटकीपिंग की पहली चॉइस बने रह सकते हैं. बल्लेबाजी लाइन-अप: रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), भारतीय टीम में ऑलराउंडर खिलाड़ियों को काफी महत्व दिया गया है. 15 सदस्यीय स्क्वाड में एक या दो नहीं बल्कि 4 ऑलराउंडर प्लेयर्स को स्थान दिया गया है. हार्दिक पांड्या बैटिंग के साथ-साथ तेज गेंदबाजी में भी योगदान देंगे, वहीं अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर स्पिन गेंदबाजी के साथ-साथ बैटिंग में भी योगदान दे सकते हैं. गेंदबाजी पर नजर डालें तो बीसीसीआई ने केवल 3 मुख्य तेज गेंदबाजों को स्क्वाड में जगह दी है. मोहम्मद शमी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज होंगे, उन्हें अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा का साथ मिल रहा होगा. वहीं कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती भी स्पिन गेंदबाजी में अपना योगदान दे रहे होंगे. गेंदबाजी के कई सारे विकल्प: मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव. चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत का स्क्वाड: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती.

## अफगानिस्तान के गजनफर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर




**नई दिल्ली.**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से ठीक पहले अफगानिस्तान की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार युवा स्पिनर अल्लाह गजनफर बाएं पैर के इंटरआर्टिकुलरिस में फ्रैक्चर के कारण टीम से बाहर हो गए है। वह देश के लिए चैंपियंस ट्रॉफी के साथ ही मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2025 में भी नहीं खेल पाएंगे।

बताया जा रहा है कि 18 वर्षीय स्पिनर को अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे के दौरान चोट लगी थी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को एक बयान जारी कर गजनफर चोट के कारण आगामी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने की पुष्टि की है। एसीबी ने जारी बयान में कहा है कि अफगानिस्तान के युवा स्पिन गेंदबाज अल्लाह गजनफर को एल4 वर्टिब्रा में फ्रैक्चर (बाएं पैर के इंटरआर्टिकुलरिस में) के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है। एसीबी ने कहा कि उनकी जगह रिजर्व पूल का हिस्सा रहे नांग्याल खारोटी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मुख्य टीम में शामिल किया गया है।

अल्लाह गजनफर की चोट से मुंबई इंडियंस को भी झटका लगा है। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में मुंबई ने गजनफर को खरीदा था। 4.80 करोड़ रुपये की कीमत वाले ग़ज़नफ़र इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 संस्करण में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उनकी चोट के कारण उन्हें कम से कम चार महीने तक मैदान से बाहर रहना पड़ेगा। बोर्ड ने ये भी जानकारी दी है कि गेंदबाज़ मुजीब उर रहमान भी पूरी तरह से ठीक होने तक 50 ओवर के क्रिकेट फॉर्मेट में खेल से दूर रहेंगे।

# ट्राई सीरीज में पाक ने अफ्रीका को दी पटखनी
## पाकिस्तान ने हार के मुंह से छीनी जीत








कराची. साउथ अफ्रीका ने त्रिकोणीय सीरीज के आखिरी ग्रुप मैच में 352 रन बनाए। यहां से पाकिस्तान की हार पक्की मानी जा रही थी क्योंकि टीम ने वनडे में कभी भी 350 से ज्यादा रनों का लक्ष्य हासिल नहीं किया था। इसके बाद 91 रन पर तीन बल्लेबाज भी आउट हो गए। पाकिस्तान ने इस स्थिति से मुकाबले को 6 विकेट से अपने नाम कर लिया। कप्तान मोहम्मद रिजवान और आगा सलमान पाकिस्तान की जीत के हीरो रहे। इस जीत से पाकिस्तानी टीम टूर्नामेंट के फाइनल में भी पहुंच गई है। पाकिस्तान के लिए कप्तान मोहम्मद रिजवान ने शतक लगाया। वह 128 गेंद पर 122 रन बनाकर नाबाद रहे। सलमान आगा के बल्ले से भी 103 गेंद पर 134 रनों की पारी निकली। दोनों ही बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 260 रनों की साझेदारी बनाई। यह पाकिस्तान के लिए चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। वही वनडे इतिहास में चौथे विकेट की यह दूसरे सबसे बड़ी साझेदारी है। मोहम्मद अजहरुद्दीन और अजय जडेजा ने 1998 में 275 रनों की सबसे बड़ी साझेदारी बनाई थी। वनडे में चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी, 275* रन- अजय जडेजा और मोहम्मद अजहरुद्दीन, जिम्बाब्वे (1998). 260 रन- मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा, साउथ अफ्रीका (2025)*. 256 रन- एमएस धोनी और युवराज सिंह, इंग्लैंड (2017). 252 रन- फाफ डु प्लेसिस और डेविड मिलर, ऑस्ट्रेलिया (2018). 237 रन- रिकी पोंटिंग और एंड्रयू साइमंड्स, श्रीलंका (2006). साउथ अफ्रीका ने भी इस मैच में कमाल की बैटिंग की थी। कप्तान टेम्बा बावुमा ने ओपनिंग करते हुए 82 रन ठोके। डेब्यू मैच में 150 रनों की पारी खेलने वाले ब्रीट्जके ने 83 रन बनाए। हेनरिच क्लासेन के बल्ले से सिर्फ 56 गेंदों पर 87 रन निकले। उन्होंने 11 चौकों के अलावा तीन छक्के मारे। अंत में विकेटकीपर बल्लेबाज वेरेयने ने 32 गेंद पर नाबाद 44 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन अफरीदी को दो सफलता मिली।

# मोनालिसा
## की अब एक्टिंग के साथ पढ़ाई भी शुरू



☐ महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं के बीच एक नाम अचानक चर्चा में आया, मोनालिसा का... खास बात यह थी, कि वह कोई साधु-संत नहीं, बल्कि साधारण सी माला बेचने वाली लड़की थीं. जिसकी इंटरनेट पर तस्वीर ऐसे वायरल हुईं की देखते ही देखते वे एक इंटरनेट सेंसेशन बन गईं. मोनालिसा की पॉपुलैरिटी इतनी बढ़ गई, कि न्यूज चैनल्स, यूट्यूबर्स और कुंभ में आए श्रद्धालु उनसे इंटरव्यू लेने के लिए बेताब हो गए. हालात ऐसे हो गए थे, कि भीड़ से बचने के लिए उन्हें अपना चेहरा तक छिपाना पड़ा, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था. अब उनके संघर्ष का फल मिल रहा है. पहले एक फिल्म ऑफर हुई और अब उन्हें पढ़ाने-लिखाने की जिम्मेदारी एक फिल्म निर्माता ने संभाल ली है. ये कोई और नहीं बल्कि वही फिल्म मेकर हैं, जिन्होंने मोनालिसा को फिल्म ऑफर की है, अब वही उनकी पढ़ाई-लिखाआई का जिम्मा उठा रहे हैं. दरअसल मोनालिसा पढ़ी-लिखी नहीं हैं, और इसी वजह से उनके करियर में आगे बढ़ने की राह थोड़ी मुश्किल हो सकती है, लेकिन अब इस मुश्किल को दूर करने की जिम्मेदारी फिल्म निर्माता सनोज मिश्रा ने ली है. सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सनोज मोनालिसा को स्लेट पर 'क, ख, ग' लिखना सिखा रहे हैं. हाथ में चॉक लिए मोनालिसा पूरी लगन से अक्षर बनाने की कोशिश कर रही हैं. सनोज मिश्रा ने न केवल मोनालिसा को अपनी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में साइन किया है, बल्कि शूटिंग शुरू होने से पहले उन्हें ग्रूम करने का बीड़ा भी उठा लिया है. मोनालिसा को शायद खुद भी यकीन नहीं था, कि एक दिन उनकी जिंदगी यूं बदल जाएगी. इंटरनेट सेंसेशन बनने के बाद न सिर्फ उन्हें फिल्म में काम करने का मौका मिला, बल्कि अब वे शिक्षा भी हासिल कर रही हैं. महाकुंभ में साधारण सी माला बेचने वाली यह लड़की अब बॉलीवुड में कदम रखने जा रही है. यह कहानी बताती है, कि कभी-कभी किस्मत एक पल में बदल जाती है. जरूरत होती है, तो बस सही मौके की... मोनालिसा की यह नई यात्रा कई लोगों के लिए इंस्पिरेशन बन सकती है.

# महाकुंभ पहुंचीं एकता कपूर
## लगाई संगम पर आस्था की डुबकी



☐ टेलीविजन और फिल्म प्रोड्यूसर एकता कपूर हाल ही में प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में शामिल हुईं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर इस अनुभव को शेयर किया। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में एकता त्रिवेणी संगम पर मस्ती करती नजर आ रही हैं, जहां गंगा, यमुना और मान्यताप्राप्त सरस्वती नदी का संगम होता है। 114 साल बाद लगाने वाला महाकुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जहां लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालु दुनियाभर से आकर संगम में आस्था की डुबकी लगाते हैं। इस साल 14 जनवरी 2025 से शुरू हुए महाकुंभ में करीब 420 मिलियन (42 करोड़) लोग पहुंचे, जो इसकी भव्यता को दर्शाता है। इस आध्यात्मिक माहौल का हिस्सा बनकर कंटेंट क्वीन एकता कपूर ने भी अपनी खास झलक सोशल मीडिया पर शेयर की।

ये पर्व हिंदू धर्म की गहरी आस्था से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि कुंभ मेले के दौरान पवित्र नदियों में स्नान करने से सारे पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु इसी विश्वास के साथ संगम में डुबकी लगाते हैं, ताकि आत्मिक शुद्धि और मुक्ति का आशीर्वाद मिल सके। एकता कपूर के अलावा कई और मशहूर हस्तियां भी इस महाकुंभ मेले में शिरकत कर चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 फरवरी 2025 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उनका ये स्नान आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ाव का प्रतीक बना। एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले बनी द साबरमती रिपोर्ट की जबरदस्त सफलता के बाद अब वह अपनी अगली फिल्म भूत बंगला लेकर आ रही हैं, जिसमें अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसके अलावा, एमी अवॉर्ड जीतने वाली पहली महिला प्रोड्यूसर एकता कपूर ने करण जौहर के साथ भी हाथ मिला लिया है। उनकी इस नई फिल्म में कार्तिक आर्यन लीड रोल में होंगे। यानी एकता अब बैक-टू-बैक धमाकेदार प्रोजेक्ट्स के साथ बड़े पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं।

# हुस्न की मल्लिका हैं कुमार विश्वास की लाड़लियां



☐ कुमार विश्वास आज किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है और आपको बता दें कि वह भले ही प्रोफेशनल लाइफ में काफी अच्छा खासा नाम कमा चुके हों। लेकिन आपको बता दें कि उनकी पर्सनल लाइफ बहुत ही कम सुर्खियों में रहती है और इस पर वह ज्यादा बात करना भी पसंद नहीं करते हैं। काफी सारे लोगों को नहीं पता है कि कुमार विश्वास की दो बेटियां हैं जिनका नाम कुहू शर्मा और अग्रता शर्मा है। आज हम आपको कुमार विश्वास की दोनों बेटियों के बारे में बताने वाले हैं और आपको बता दें कि उनकी दोनों बेटियां काफी खूबसूरत है। लेकिन खूबसूरती के साथ-साथ उनमें टैलेंट भी कूट-कूट कर भरा हुआ है। कुमार विश्वास को सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव देखा जाता है और अक्सर वह अपनी दोनों बेटियों के साथ में तस्वीरों को शेयर करते हुए नजर आ जाते हैं। सोशल मीडिया के जरिए खुद उन्होंने कई बार इस बात को जाहिर किया है कि उन्हें अपनी दोनों बेटियों पर कितना ज्यादा गर्व है। लेकिन अगर हम कुमार विश्वास की बड़ी बेटी अग्रता शर्मा की बात करें तो आपको बता दें कि उनका इंस्टाग्राम हैंडल agratasharmma के नाम से है। उनको तकरीबन सोशल मीडिया पर 90 हजार से ज्यादा लोग फॉलो कर रहे हैं। उन्होंने अपनी स्कूल की पढ़ाई गाजियाबाद के दिल्ली पब्लिक स्कूल से की और बाद में वह इंग्लैंड चली गई। जानकारी के लिए आपको बता दें कि अग्रता शर्मा ने University Of Warwick - Warwick Business School से बिजनेस मैनेजमेंट में बीएससी की डिग्री हासिल की हुई है। बाद में उन्होंने नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी से फैशन मार्केटिंग में मास्टर ऑफ़ आर्ट्स भी किया। अभी के वक्त में वह डिजिटल खिडकी नाम की कंपनी की डायरेक्टर है और वहां से अच्छी खासी कमाई भी करती हैं। लेकिन अगर हम कुमार विश्वास की छोटी बेटी कुहू शर्मा के बारे में बात करें तो आपको बता दें कि उनकी स्कूल की पढ़ाई दिल्ली एनसीआर में हुई है। बाद में उन्होंने लंदन के किंग्स कॉलेज से ग्रेजुएशन की भी डिग्री ली। यहां पर फर्स्ट डिवीजन के साथ में उन्होंने साइकोलॉजी में बीएससी भी किया था। जानकारी के लिए आपको बता दें कि कुमार विश्वास की पत्नी का नाम मंजू शर्मा है और दोनों की लव मैरिज हुई थी। दोनों की पहली मुलाकात साल 1994 में हुई। तब कुमार विश्वास की पत्नी मंजू राजस्थान के अलवर जिले के एक कॉलेज में पढ़ाया करती थीं।



'सनम तेरी कसम' की छप्परफाड़ हो रही कमाई!

# फ्लॉप फिल्म ने री रिलीज पर किया कमाल

☐ एक फिल्म जिसने ट्रेड और इंडस्ट्री को चौंका दिया है, वो है 'सनम तेरी कसम'। साल 2016 में रिलीज हुई यह फिल्म उस समय बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। इसने 9.11 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था, लेकिन इसका बजट 14 करोड़ रुपये था। अब, अपने पहले वीकेंड में ही दोबारा रिलीज होने पर फिल्म ने अपने बजट को पार कर लिया है। उम्मीद थी कि सोमवार से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर गिरावट दिखाएगी। हालांकि गिरावट तो है, लेकिन फिर भी कमाई काफी शानदार है। सैकनिल्क के अनुसार, सनम तेरी कसम ने अपने चौथे दिन 3-3.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जो काफी अच्छा आकड़ा है। इस तरह फिल्म का 4 दिनों का कलेक्शन लगभग 18.50 करोड़ रुपये है। हैरानी की बात यह है कि सनम तेरी कसम का सोमवार का कलेक्शन स्काई फोर्स, बैडैस रवि कुमार और लवयापा जैसी दूसरी रिलीज की कुल कमाई से ज्यादा है। स्काई फोर्स ने अपने 18वें दिन 45 लाख रुपये कमाए, जिससे कुल कमाई 110.25 करोड़ रुपये हो गई। वहीं, बैडैस रवि कुमार और लवयापा दोनों ने चौथे दिन 60 लाख रुपये कमाए। 'सनम तेरी कसम' के अब तक के आंकड़े बहुत बढ़िया हैं। फिलहाल, ऐसा लग रहा है कि फिल्म पहले हफ्ते के अंत तक 25 करोड़ रुपए कमा लेगी। 14 फरवरी से इस फिल्म को विक्की कौशल स्टारर छावा से कड़ी टक्कर मिलेगी। फिर भी, उम्मीद है कि फिल्म अपनी री-रिलीज के दूसरे हफ्ते में भी अच्छा परफॉर्म करेगी। कई ट्रेड एनालिस्ट का मानना है कि दोबारा रिलीज होने पर 'सनम तेरी कसम' का लाइफटाइम कलेक्शन 40 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। हालांकि, अगर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करती रही तो यह 50 करोड़ रुपये तक भी पहुंच सकती है।

# पार्वती ने करोड़पति बिजनेसमैन संग लिये सात फेरे



☐ कुछ दिन पहले ही एक्ट्रेस पार्वती नायर ने गुपचुप सगाई कर फैंस को चौंका दिया था. अब वो करोड़पति बिजनेसमैन आश्रित अशोक की दुल्हन बन गई हैं. पार्वती दुल्हन बनीं बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने तमिल रीति-रिवाज से शादी की है. उनकी शादी की फोटोज पर फैंस दिल हार बैठे हैं. पार्वती ने आइवरी के साथ गोल्डन बॉर्डर वाली पारंपरिक साड़ी पहनी है, वो पति संग बेहद कैंडिड होकर हर रस्म को एंजॉय करती दिखीं. पार्वती ने फोटोज शेयर की जहां पति आश्रित उनके गले में वरमाला डालते, पैर में बिछुए पहनाते भी दिखे. हर एक तस्वीर बेहद लवेबल है. पार्वती-आश्रित ने सगाई भले ही गुपचुप तरीके से करके फैंस को चौंका दिया था, लेकिन शादी में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी. यहां पूरा परिवार मौज-मस्ती करता दिखा. पार्वती की शादी के वीडियोज भी खूब वायरल हो रहे हैं, जहां दूल्हा-दुल्हन समेत परिवार और दोस्त इमोशनल होते दिखे. हर किसी की आंखें नम दिखाई दीं. पार्वती ने अपनी शादी की हर उस रस्म की झलक दिखाई जहां पति पत्नी का ख्याल रखने की कस्में खाता है.

चांद-तारों की ओर देखता ये कपल बहुत क्यूट लगा. फैंस पार्वती और आश्रित को शादी की खूब सारी बधाईयां दे रहे हैं. यूजर्स का कहना है कि इनका साथ ऐसे ही बना रहे. दोनों खूब खुश रहें. पार्वती ने आश्रित को सपोर्ट सिस्टम बताया था, उन्होंने कहा था कि दिखावे से भरी इस दुनिया में, मैंने हमेशा के लिए अपने रियल वन को पा लिया है. हर उतार-चढ़ाव में, आप मेरे साथ खड़े रहे. आज मैं जीवनभर के प्यार, विश्वास और अटूट समर्थन के लिए आपको हां कहती हूं. मेरा सहारा बनने के लिए, मेरे प्यार का और आप सभी का- मेरे अविश्वसनीय सपोर्टर्स आपकी पॉजिटीविटी और प्यार के लिए आभारी हूं. आपके बिना ये यात्रा वैसी नहीं होती!

# 'आश्रम 3' के दूसरे पार्ट का टीजर हुआ रिलीज



☐ साल 2025 की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज 'आश्रम 3: पार्ट 2' का टीजर रिलीज हो गया है। सामने आए टीजर में पम्मी, बाबा निराला से बदला लेती नजर आ रही है। वह इस खेल में बाबा निराला को बहलाने और भोपा को बाबा निराला से अलग करने की कोशिश करती है। यहां देखिए बॉबी देओल की अपकमिंग वेब सीरीज की झलक। टीजर की शुरुआत में बाबा निराला के भक्तों की भीड़ दिखाई जाती है। फिर पम्मी की झलक देखने को मिलती है जिसमें पम्मी दुल्हन के लहंगे में मुस्कुराते नजर आती हैं। आगे दिखाया जाता है कि पम्मी, बाबा निराला और भोपा की जोड़ी को तोड़ने के लिए भोपा के साथ रिश्ता बनाने की कोशिश करती है। इसके साथ ही बाबा निराला को भी अपने जाल में फंसाती है।

# दादी-सा के सामने नहीं काम करेगा अभिरा



☐ अभिरा को माधव के कमरे से अरमान की असली मां की फोटो मिलेगी, लेकिन फोटो में शिवानी का चेहरा साफ नजर नहीं आएगा। ऐसे में अभिरा इस फोटो की साफ कॉपी बनवाने जाएगी। अभीर और चारू की शादी वाले दिन कोरियर वाला अभिरा के लिए एक पार्सल देकर जाएगा। अभिरा जब पार्सल खोलेगी तब उसे समझ आएगा कि गलती से कोरियर वाले ने अरमान का पार्सल उसे और उसका पार्सल अरमान को दे दिया है। अभिरा पौद्दार हाउस जाएगी। जब वह पार्सल ढूंढ रही होगी तब उसकी नजर दादी-सा पर पड़ेगी। दादी-सा कुछ जला रही होंगी। अभिरा समझ जाएगी कि दादी-सा, अरमान की असली मां की फोटोज जला रही हैं। ऐसे में अभिरा दौड़कर दादी-सा के पास जाएगी। हालांकि जब तक अभिरा, दादी-सा के पास पहुंचेगी फोटो जल चुकी होगी। अभिरा, दादी-सा से पूछेगी कि उन्होंने ये फोटो क्यों जलाई। दादी-सा, अभिरा के सवाल का जवाब नहीं देंगी।

# वांगा ने कैंसिल कर दी पल्लवी को कास्टिंग



☐ साउथ डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने अभी तक सिर्फ तीन फिल्में बनाई हैं. लेकिन उनकी सभी फिल्मों बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा चुकी हैं. उनकी पहली फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी. फिल्म की कहानी उस समय के हिसाब से काफी अलग थी. विजय देवरकोंडा की एक्टिंग उस फिल्म में इतनी जबरदस्त थी कि हर कोई उन्हें देखता रह गया था. फिल्म में विजय के साथ एक्ट्रेस शालिनी पांडे थीं जिन्होंने अपने किरदार को काफी अच्छे से प्ले किया. लेकिन क्या आपको पता है कि शालिनी, फिल्म में फीमेल लीड प्ले करने के लिए डायरेक्टर की पहली पसंद नहीं थीं? संदीप फिल्म में विजय के साथ एक्ट्रेस साई पल्लवी को कास्ट करना चाहते थे. इस बात का खुलासा उन्होंने खुद हाल ही में एक इवेंट के दौरान किया जहां साई बैठी हुई थीं. साई पल्लवी और नागा चैतन्य की फिल्म 'थंडेल' का एक लाइव इवेंट रखा गया था जहां संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि वो एक्ट्रेस को अपनी पहली फिल्म में कास्ट करने वाले थे. डायरेक्टर ने बताया- मैं केरल के एक आदमी से मिला, जो मेरी साई के साथ एक मीटिंग करवा सकता था. हालांकि मुझे बाद में पता चला कि वो कोई और है. मैंने उनसे बात की, उन्हें बताया कि मेरे पास एक लड़के की स्टोरी है जो प्यार में बर्बाद हो चुका है.' 'ये काफी रोमांटिक कहानी भी है. मैं साई पल्लवी को मेरी फिल्म की हीरोइन के तौर पर कास्ट करना चाहता हूं. उन्होंने कहा कि अर्जुन रेड्डी में रोमांटिक क्या है? मैंने कहा कि इसमें जो हम तेलुगु सिनेमा में देखते हैं उससे कई गुना ज्यादा है. तो उन्होंने कहा कि सर आप भूल जाओ. वो लड़की स्लीवलेस कपड़े भी नहीं पहनेगी. आप उसके बारे में भूल ही जाओ.' डायरेक्टर ने आगे ये भी कहा कि समय के साथ, एक्ट्रेस मौकों के हिसाब से बदल जाती हैं. लेकिन साई पल्लवी को ऐसे बिना बदले देखना काफी अच्छा लगता है.

# अल्लू अर्जुन
## 'पुष्पा' बन कर करोड़ों दिलों पर कर रहे हैं राज



☐ पुष्पा 2: द रूल' से दुनियाभर में छा चुके तेलुगु एक्टर अल्लू अर्जुन आज बहुत बड़े सुपरस्टार बन चुके हैं. उनकी फिल्म ने जिस तरह से बॉक्स ऑफिस पर कमाई की थी, उससे सभी पुराने रिकॉर्ड्स ध्वस्त हो गए थे. अल्लू अर्जुन का 'पुष्पा' अवतार लोगों के दिलों में भी उतर चुका है. उनकी एक्टिंग फिल्म में दमदार थी और वही इसकी सक्सेस की सबसे बड़ी वजह भी बनी थी. हाल ही में फिल्म की सक्सेस को एन्जॉय करने के लिए अल्लू अर्जुन फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार के साथ फिल्म के 'थैंक यू इवेंट' में पहुंचे थे. जहां उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस का श्रेय फिल्म के डायरेक्टर को दिया. उन्होंने उनकी तारीफों के पुल बांधे और उनके लिए खड़े होकर ताली बजवाने की अपील भी की. एक्टर ने कहा, 'मैं फिल्म में इतना अच्छा इसलिए कर पाया क्योंकि सुकुमार गारू को परफॉर्मेंस पसंद है. कोई भी एक्टर बुरा दिख सकता है अगर उसे अच्छी सलाह नहीं मिलती है, फिर भले ही वो कितना ही अच्छा काम करता हो. आपका धन्यवाद सुकुमार गारू जो आपने हमें एक अच्छा काम करने की तरफ गाइड किया. हम सभी इनके सपनों में एक किरदार हैं और इनके प्रोजेक्शन में सिर्फ इमेज. एक डायरेक्टर वो होता है जो ऑडियंस से सीधा बात किया करता है.'

अल्लू अर्जुन ने आगे अपने डायरेक्टर की तारीफ में कहा, 'हमें जीत दिलाने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया. तेलुगु इंडस्ट्री की तरफ से आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने हमें गर्व करने का मौका दिया, हम सभी आपके कर्जदार हैं. मेरे लिए सुकुमार सिर्फ एक इंसान नहीं है, एक इमोशन हैं. मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं. जो मजा लोगों को फिल्म देखने में आता है, वहीं मजा मुझे तब आता है जब आप मुझे कोई सीन सुनाते हो. आप एक आजाद विचारों वालो इंसान हो. मैं अपने करीबी लोगों को ये कहता रहता हूं कि मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मैं एक आजाद विचारों वाले डायरेक्टर के इतना करीब हूं.'

सुकुमार ने 'पुष्पा' पार्ट 1 से पहले 8 फिल्में डायरेक्ट की हैं जिसमें से उनकी ज्यादातर फिल्में हिट साबित हुई हैं. उन्होंने रामचरण के साथ फिल्म 'रंगस्थलम' में भी काम किया हुआ है जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी. मगर 'पुष्पा' फिल्म से उन्होंने अपनी सभी पुरानी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया. और अब 'पुष्पा 2' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए रिकॉर्ड्स बना डाले हैं. सुकुमार भी यहीं तक नहीं रुकने वाले हैं. वो पुष्पा की कहानी को और भी आगे बढ़ाएंगे. उन्होंने 'पुष्पा 3' का भी ऐलान कर दिया है. अब देखने वाली बात ये होगी कि क्या वो 'पुष्पा 3' से एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर सुनामी ला पाएंगे या नहीं.